

दैनिक

सुप्रभात रायपुर

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 26 | अंक : 149 रायपुर, मंगलवार, 23 जून 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 10 जुलाई तक एसटीपी ...

'मैं वापस आऊंगा' के वेदांग ... 8



जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...


# लखनऊ के कोचिंग सेंटर में भीषण आग, 15 से अधिक बच्चों की मौत

## धुएं से बचने के लिए इमारत से कूदे छात्र, कई घायल, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र स्थित पुरनिया में एक तीन मंजिला बिल्डिंग में चल रही कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। इस घटना में 15 से अधिक बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि रेस्क्यू अभियान लगातार चल रहा है।

सोमवार दोपहर अलीगंज थाना क्षेत्र में स्थित पुरनिया चौराहे के पास एक तीन मंजिला बिल्डिंग की नीचे स्थित दुकान में आग लग गई। इसी दुकान के ऊपर कोचिंग सेंटर है। धुआं निकलते देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप लेते हुए कोचिंग सेंटर को भी अपनी चपेट में ले लिया। भयावह स्थिति देख कोचिंग सेंटर पर मौजूद कई विद्यार्थी अपनी जान बचाने के लिए नीचे कूद पड़े, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। अलीगंज और मड़ियांव थाना की पुलिस और दमकल विभाग की कई गाड़िया मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। पुलिस की टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिलाधिकारी विशाख समेत तमाम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

उपमुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी अपनी आंखों के सामने कई बच्चों को निकाला गया है। घटना में कई बच्चों की मौत हुई है। कोचिंग के अंदर धुआं बहुत ज्यादा भर जाने के कारण रेस्क्यू टीम को दीवार तोड़कर अंदर घुसना पड़ा। सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। आग इतनी भयवाह थी कि अपनी जान बचाने के लिए दम घुटने और झुलसने के डर से कुछ छात्र और लोग इमारत की ऊपरी मंजिलों से सीधे नीचे कूद गए। इससे उन्हें चोटे आई हैं।

जब यह घटना हुई उस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच उन्हें इस हादसे की जानकारी मिली। उन्होंने सभा के मंच से ही इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी-अभी मुझे जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक अग्निकांड की दुखद घटना हुई है, उसकी चपेट में कुछ बच्चे आये हैं, उनकी दुखद मौत हुई है, इसलिए मुझे तत्काल वापस जाना पड़ रहा है। जिन्होंने जान खोई उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस पूरे मामले के लिए पुलिस महानिदेशक व अपर मुख्य सचिव गृह को भी कहा है कि मौके पर जाकर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मैं स्वयं भी वहां प्रस्थान कर रहा हूं जिससे इस पूरे मामले की तह में जाकर दोषियों को सज़ा भी दे सकें और उन पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त कर सकें।





### प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे का किया एलान



घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से गहरा दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और अमित शाह ने लखनऊ अग्निकांड पर जताया शोक

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में लोगों की मौत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा शोक व्यक्त किया है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि लखनऊ में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई लोगों की मौत अत्यंत दुखद है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि लखनऊ में आग लगने के कारण हुआ हादसा अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। शाह ने ईश्वर से शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।



## कांग्रेस ने सरकार पर लगाया ग्रामीण मजदूरी के आकड़ों में छेड़छाड़ का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने दावा किया कि सरकार साल 2024 में किए गए रोजगार की परिभाषा में बदलाव की तरह इस बार भी ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों और इसकी परिभाषा में बदलाव कर रही है ताकि मजदूरी के आकड़ों में उछाल दिखाया जा सके। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्होंने साल 2024 में भी यह चेताया था कि सरकार ने रिजर्व बैंक के जरिए रोजगार और नौकरी में वृद्धि दिखाने के लिए रोजगार की परिभाषा बदलकर वित्त वर्ष 2017-18 से 16 करोड़ 80 लाख नई नौकरियां दिखाने की कोशिश की थी।

## सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का किया शुभारंभ

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ गुजरात के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र है। सोमनाथ मंदिर को अनेक बार आक्रांताओं ने तोड़ा, लेकिन हर बार मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, ये देशवासियों की अटूट आस्था का परिणाम है।

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से छत्तीसगढ़ से सोमनाथ के लिए 1000 से अधिक विशिष्टजन, पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं साहित्यकार रवाना हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के शिवालयों की पावन भूमि के माटी कलश और पावन नदियों का जल कलश बाबा सोमनाथ को अर्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान सोमनाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरवशाली दिन है जब प्रदेश भर से 1000 से अधिक श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में आईएसआई के स्लीपर सेल से जुड़े युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के स्लीपर सेल से जुड़ा है। जिसकी पहचान पंजाब के तरन तारण निवासी सेवक सिंह (23 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देश पर की गई कार्रवाई के बाद अकलतरा थाने में आरोपित के खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 और 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पकड़ा गया सदस्य अकलतरा में मिनी माता चौक में स्थित राजीव केडिया के मकान में किराएदार था। सेवक सिंह पर खुफिया जानकारी पाकिस्तान को भेजने का गंभीर आरोप है। सेवक सिंह क्षेत्र के जेएस डब्बलू पावर कम्पनी में अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से ठेका श्रमिक के रूप में काम भी कर रहा था।

जांजगीर चांपा पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि जांच में पकड़े गए युवक सेवक सिंह के मोबाइल कॉल डिटेल से संदिग्ध नंबरों पर वीडियो कॉलिंग और वाट्सएप चैट किए गए हैं। वीडियो कॉलिंग और कॉल रिकार्ड के आधार पर युवक के आईएसआई के स्लीपर सेल के सदस्य होने की पुष्टि हुई है।

### कतर में गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर धमाका

## 13 लोगों की मौत, 66 घायल

**एजेंसी, दोहा**



कतर के औद्योगिक शहर रास लाफ़न में एक गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर हुए धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें भारत और पाकिस्तान के नागरिक भी शामिल हैं। इस घटना में 66 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें अफ़्रीकी देशों के नागरिक भी शामिल हैं। कतर के ऊर्जा राज्य मंत्री साद बिन शेरिदा अल काबी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कतर के गृह मंत्री ने बताया कि रास लाफ़न इंडस्ट्रियल सिटी में बरज़ान लोकल गैस सप्लाई फैसिलिटी में एक तकनीकी खराबी के कारण अंदरूनी धमाका हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस दुखद घटना में भारत और पाकिस्तान के हमारे 13 कर्मचारियों की जान चली गई। 66 अन्य कर्मचारी घायल हुए हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत चिंताजनक नहीं है। उन्होंने बताया कि घायलों में कतर के नागरिकों के साथ-साथ एशियाई और अफ़्रीकी देशों के लोग भी शामिल हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि धमाके का संबंध किसी सैन्य कार्रवाई या तोड़-फोड़ से नहीं है। उन्होंने कहा, बरज़ान गैस डिस्ट्रीब्यूशन स्टेशन पर हुई इस घटना का पर्यावरण पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि धमाके से निर्यात की मात्रा या स्थानीय आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा। हालांकि मंत्री ने यह बताने में असमर्थता जताई कि संयंत्र को कब तक फिर से चालू किया जाएगा।




## ईरान और इथियोपिया के नेताओं से मिले अजीत डोभाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक में भाग लेने भारत आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव घादिर नेजामी और अफ्रीकी देश इथियोपिया की राष्ट्रीय खुफिया और सुरक्षा सेवा के विश्लेषण विभाग के कार्यकारी निदेशक मिलियन लेमा तदेस्से से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी दी कि एनएसए अजीत डोभाल ने 22 जून को ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक के दौरान ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव घादिर नेजामीपुर से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। साथ ही ब्रिक्स मंच के तहत सहयोग और भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों पर भी विचार-विमर्श किया।

भारत में ईरानी दूतावार से एक्स पोस्ट में बताया कि अपनी यात्रा के दौरान घादिर नेजामी विभिन्न विशेष सत्रों में भाग लेंगे और सहभागी देशों के अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा मुद्दों तथा बहुपक्षीय सहयोग पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठक में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

एक अन्य पोस्ट में रणधीर जायसवाल ने बताया कि एनएसए अजीत डोभाल ने इथियोपिया की राष्ट्रीय खुफिया और सुरक्षा सेवा के विश्लेषण विभाग के कार्यकारी निदेशक मिलियन लेमा तदेस्से से भी मुलाकात की।

## 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आज भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए ''भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट'' जारी की है। यह रिपोर्ट दूरसंचार सेवाओं का एक व्यापक परिदृश्य उपलब्ध कराती है तथा 1 जनवरी, 2026 से 31 मार्च, 2026 की अवधि के लिए भारत में दूरसंचार सेवाओं के साथ-साथ केबल टेलीविजन, डीटीएच तथा रेडियो प्रसारण सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण मानदण्ड तथा विकास के रूझानों को प्रस्तुत करती है। इसे सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर संकलित किया गया है।

उक्त रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश यहाँ संलग्न है। संपूर्ण रिपोर्ट भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाईट www.trai.gov.in और लिंक httpÑ//www.trai.gov.in/release-publication/reports/performance-indicators-reports पर उपलब्ध है। इस रिपोर्ट से संबंधित किसी भी सुझाव या स्पष्टीकरण के लिए विजय कुमार, सलाहकार (एफएण्डईए), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली से दूरभाष-+91-20907773 एवं ई-मेल feav-div@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।




भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट

इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 1092.79 मिलियन हो गई जो कि दिसम्बर, 2025 के अंत में 1028.61 मिलियन थी जिसमें 6.24ऋ की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई। कुल 1092.79 मिलियन इंटरनेट उपभात्क्ताओं में से वायरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 46.54 मिलियन तथा वायरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 1046.26 मिलियन है।

इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या का वितरण

इंटरनेट सब्सक्राइबर बेस में 1065.88 मिलियन ब्रॉडबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर और 26.91 मिलियन नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर शामिल हैं।

ब्राडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 1065.88 मिलियन हो गई जो कि दिसम्बर, 2025 के अंत में 1007.35 मिलियन थी जिसमें 5.81% की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई। नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या भी 26.62ऋ की तिमाही वृद्धि दर के साथ मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 26.91 मिलियन हो गई जो कि दिसम्बर, 2025 के अंत में 21.25 मिलियन थी।

वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 48.25 मिलियन हो गयी जो कि दिसम्बर, 2025 के अंत में 47.37 मिलियन थी जिसमें 1.86ऋ की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई। मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही अवधि के लिए वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष (वाई.ओ.वाई.) 30.25% की वृद्धि दर दर्ज की गई।

वायरलाइन दूरसंचार घनत्व 1.64ऋ की तिमाही वृद्धि दर के साथ मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 3.38ऋ हो गया जो कि दिसम्बर, 2025 के अंत में 3.33ऋ था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.10)
-: अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर :-
ई-मेल :- rmczone10@gmail.com

पत्र क्रं. / 32388/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 10/2026
रायपुर दिनांक 22/06/2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32388**

**वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवन राम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651N0098B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Riya balani** पिता/पति श्री/श्रीमती **Kartar balani** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **Smt. P. Pallavi** पिता/पति श्री/श्रीमती **Mr. P. Anil kumar** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./31915/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 20/06/2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31915**

**वार्ड का नाम -69- माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568G00535** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **IRAFAN QURESHI** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SHAFI QURESHI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. ADITI MISHRA W/O SAMARTH MISHRA 2.SAMARTH MISHRA S/O CHHAVINATH MISHRA** पिता/पति श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -01, सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल-eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी, रायपुर में निर्मित ढांचा भवन योजना में से भवन / भूखण्ड क्र. ढांचा-623, स्लाईस-01, श्री भानु प्रताप सिंह पिता स्व. सूरज बली सिंह को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 24.07.2001 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु दिनांक 08.03.2018 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शारदा सिंह पति स्व. भानु प्रताप सिंह द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों (01. श्रीमती सीमा सिंह ठाकुर पति श्री नितिन सिंह ठाकुर, 02. श्रीमती बबली सिंह पति श्री कमलेश सिंह 03. पवन कुमार सिंह पिता स्व. भानु प्रताप सिंह) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड श्रीमती शारदा सिंह पति स्व. भानु प्रताप सिंह के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग.

राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन
रा.प्र.क्र. / / अ-6 / वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 22/06/2026

प्रति,
श्रीमती अर्चना अग्रवाल पति सतीश अग्रवाल निवासी- प्लाट नंबर 24, इंदिरा आवासीय एवं व्यवसायिक परिसर टी.पी. नगर वार्ड नंबर 09, कोरबा छ.ग.

द्वारा :- मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक हेमराज साहू पिता नंदकुमार साहू निवासी - हाउस नं. 170, मैना रेस्टोरेंट होटल चंगोराभाठा, डॉ खूबचंद बघेल वार्ड नं. 67 चंगोराठाभा सुन्दर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. रायपुर 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 93 रकबा 143.50 वर्गमीटर खसरा नंबर 87 के भाग को आवेदक द्वारा विक्रेता अर्चना अग्रवाल पति सतीश अग्रवाल से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07/11/2025 के माध्यम से क्रय किया गया। अतः उक्त आवेदित भूमि में विक्रेता का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 08/07/2026 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक / /ब-121 /2026
रायपुर, दिनांक 19/06/2026
ग्राम- टिकरापारा, प.ह.नं.- 70, तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेविका/आवेदक लक्ष्मीनारायण यादव पिता- स्व. चन्दुलाल यादव द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के मौसी- पुतली बाई यादव की मृत्यु दिनांक 28.02.2021 को घर/ हॉस्पिटल घर पर टिकरापारा में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेवक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/06/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत 'कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर कार्यपालन दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / /अ-6 / वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 19/06/2026
ग्राम- रायपुर खास, प.ह.नं. 62,

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री आनंद शुक्ला पिता स्व. पवन कुमार शुक्ला निवासी म.नं. 51/1620, हनुमान नगर, दुर्गा मंदिर के पीछे, लाखे नगर वार्ड रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1090/57 शामिल 1133 रकबा 0.0200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में श्रीमती लक्ष्मी शर्मा पति स्व. बलदाउ प्रसाद शर्मा के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार श्रीमती लक्ष्मी शर्मा पति स्व. बलदाउ प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 29.11.2023 को हो चुकी है। श्रीमती लक्ष्मी शर्मा पति स्व. बलदाउ प्रसाद शर्मा के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को अपने जीवनकाल में निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 23.11.2020 के माध्यम से आवेदक के पक्ष में प्रदान किया गया है। अतएव उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदक अपने नाम पर दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / 202606110200076/ अ-6/ वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 19/06/2026
ग्राम- रायपुर खास, प.ह.नं.- 62

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. हाजरा बी. 02. शाहिदा बेगम, 03. जाहेदा बेगम, 04. सायरा बेगम सभी पिता स्व. मोहम्मद युसुफ सभी निवासी मौदहापारा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुर खास प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 56, भूखंड क्रमांक 09, रकबा 600 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण की माता मुस्मात साबर साई पति स्व. मोहम्मद युसुफ के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार मुस्मात साबर साई पति स्व. मोहम्मद युसुफ की मृत्यु दिनांक 18.06.2019 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में आवेदकगण है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / /अ-6/ वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 19/06/2026
ग्राम- पंडरीतराई, प.ह.नं.- 47

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. मोहम्मद शब्बीर, 02. मोहम्मद सगीर, 03. मोहम्मद शकील सभी पिता स्व. अब्दुल मजीद सभी निवासी राजातालाब रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 197/5 रकबा 1750 वर्गफुट भूमि को हिबाकर्तागण 01. मोहम्मद अलताफ पिता मोहम्मद हदीश निवासी गली नं. 3. शिव मंदिर के पास, मौदहापारा रायपुर (छ.ग.), 02. मोहम्मद इरशाद पिता मोहम्मद हदीश निवासी पचील इंडस्ट्रीज के पीछे, के.के. रोड, मौदहापारा रायपुर (छ.ग.) से हिबानामा दिनांक 07.05.2026 के माध्यम प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को हिबानामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)**

निविदा निरस्तीकरण

जी. क्रमांक-262700440

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-01 /ले.शा. / का.अ./ लो.स्वा.यां./2026-27 धमतरी दिनांक-28.04.2026, सिस्टम नम्बर 189900 जिसका (जी. क्रमांक-262700440) को आमंत्रित की गई निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
धमतरी (छ.ग.)

G-262701610/3

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने दिया संदेश

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**




युवाओं को नशे से दूर रखने और इसके दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से डीआईजी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में चलाए जा रहे 'अभियान नवजीवन' के तहत थाना भटगांव पुलिस द्वारा सोमवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय एडी जुबली स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस और विद्यार्थियों के बीच संवाद के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी भटगांव ब्रजेश सिन्हा ने छात्रों को सरल भाषा में नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है तथा इसके कारण शिक्षा, करियर, पारिवारिक संबंध और सामाजिक जीवन पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएं। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर लोग मानस पोर्टल, टोल-फ्री नंबर 1933, पुलिस कंट्रोल रूम या संबंधित थाना से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दिया। छात्रों ने नशे से दूरी बनाए रखने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पोस्टर मेकिंग में दुर्गा राजवाड़े ने प्रथम, अंश ने द्वितीय और माही सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में ऋतु राजवाड़े प्रथम, नंदिनी तिवारी द्वितीय और श्रेया मिश्रा तृतीय रहीं, जबकि निबंध प्रतियोगिता में अंश को प्रथम स्थान मिला। विजेताओं को थाना प्रभारी द्वारा मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े, पार्षद लक्ष्मी महतो, पुलिस अधिकारीगण, स्कूल के प्राचार्य लियोस सदोम, शिक्षकगण, पुलिस स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**बलरामपुर।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में भूमि विवाद, वन अधिकार पट्टा, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), राजस्व प्रकरण सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आक्सीजोन निर्माण की सार्थक पहल

**रायपुर।** आज ग्राम परसदा विद्या मंदिर स्थित दिनेश आनंद फार्म हाउस में वृहद वृक्षारोपण-योगा दिवस-फादर्स डे कार्यक्रम मनाया गया।।आयोजक दिनेश आनंद अठवानी ने सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए बताया कि आज आम- ऑवला- अमरूद- बेर- सीताफल- नीबू- शहतूत- कटहल-काला जामुन- संतरा व रूद्राक्ष के 2100 पौधों का रोपण हुआ। आज के भव्य आयोजन में ग्रीन आर्मी से अमिताभ दुबे व टीम,छग चेम्बर ऑफ कामर्स से कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी व साथी,छग सिंधी सेवा महापंचायत से अध्यक्ष अमर गिदवानी, दिनेश आनंद अठवानी, महिला युवा अध्यक्ष



राशि बलवानी, कोषाध्यक्ष सुदेश मंध्यान, वरिष्ठ हरीराम तलरेजा, राजेश गुरनानी,रमेश मंधान व साथी,छत्रपति शिवाजी स्कूल से मुकेश शाह व स्कूल के 50विद्यार्थी व शिक्षक, पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एकादमी से कविता कुम्भज के साथ 100 विद्यार्थी व शिक्षक,बढ़ते कदम से संस्थापक इंदर डोडवानी-भाई अमर-राजू झामनानी,माइ भारत (नेहरू युवा केन्द्र) से अर्पित सर व साथी, ब्रम्हविद स्कूल से एच आर मैम अम्रिता जंडू व साथी, ग्राम पंचायत परसदा-4 से सरपंच किरन साहू,वरिष्ठ सीताराम साहू,दिनेश साहू, बसंत साहू व समस्त ग्राम पंचायतस पंच व परसदा स्कूल के 50 स्कूली विद्यार्थी,बीएनआइ बैरंस से जतिन जैन,आकाश जादवानी, मयूर ठक्कर सपत्निक, प्रतीक तायल, स्वामी जुगतराम मिशन से राकी सोनवानी, नेहा- निधी अठवानी,आदि सम्मिलित रहे।

# पहाड़ी कोरवा बस्तियों तक पहुंचीं स्वास्थ्य सेवाएं

**बलरामपुर, प्रतिदिन राजधानी**



जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को विकासखंड सबाग के ग्राम अखइनकोना में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने कुल 53 मरीजों की जांच की, जिनमें से 35 मरीजों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिशुवती माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# बाल विवाह रोकथाम, महिला सशक्तिकरण और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक हो रहे ग्रामीण

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेशभर में महिलाओं, बच्चों और किशोरियों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सूरजपुर जिले के विकासखंड ओड़गी में वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम, महिला अधिकारों, साइबर सुरक्षा तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही किशोरियों की सुरक्षा, लैंगिक अपराधों की रोकथाम तथा गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 एवं आपातकालीन सेवा 112 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध सहायता एवं परामर्श सेवाओं से भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया। महिला सशक्तिकरण केंद्र के विशेषज्ञों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया गया। शिविर में नशा मुक्ति, बालिकाओं की शिक्षा और सामाजिक मूल्यों के महत्व पर भी विशेष बल दिया गया। विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी सामग्री का वितरण कर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम, महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण और सुरक्षित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# भारतीय योग संस्थान के गुरुजनों का सेवा कार्य - योग से स्वस्थ समाज का संकल्प

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान के गुरुजनों ने सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। संस्थान से जुड़े वरिष्ठ प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न स्कूलों, कार्यालयों, आवासीय समितियों एवं धार्मिक स्थलों पर निःशुल्क योग शिविरों का आयोजन किया। सुबह 6:30 बजे से शुरू हुए इस सेवा अभियान में शांति सरोवर, गांधी उद्यान, ष्क्क्ष ऑफिस ङ्क्ष्क रोड, अपना घर गांव गोढ़ी, विजय नगर स्कूल, सालासार ग्रीन सरोना, सांख्यिकी विभाग न्यू राजेंद्र नगर, राहेजा निर्वाण कचना एवं हनुमान मंदिर देवेंद्र नगर सहित 11 से अधिक स्थानों पर एक साथ योगाभ्यास कराया गया।

भारतीय योग संस्थान के गुरुजनों ने आमजन को सूक्ष्म क्रिया, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का सरल प्रशिक्षण दिया। फ्योग से निरोगफ और फ्जीओ और जीवन दोफ के संदेश के साथ लोगों को रोज 30 मिनट योग करने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को लाइफस्टाइल रोगों से बचाव के लिए योग के महत्व पर जोर दिया गया। गुरुजनों ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि तन-मन-आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। किसी पर हंसने से बेहतर है किसी के साथ हंसना - इसी भावना के साथ लाफ्टर योगा सत्र भी कराए गए, जिससे वातावरण सकारात्मक और ऊर्जावान हो गया। आदरणीय , मुकेश सोनी सर, आदरणीय राजेश डागा, आदरणीय राजेश अग्रवाल सर,विनोद अग्रवाल, ऋतु जी, किरण जी, सपना जी, पूनम गेही, क्षमा रहेजा, लक्ष्मी जेठानी, लता चौधरी जी, जया जयसिंघानिया, सोनिया पोपटानी, सविता मिश्रा, हर्षपाल जी, लक्ष्मी प्रसाद विश्वकर्मा, दीपक अग्रवाल जी, के आर साहू जी, पिंकी जैन और संस्थान की पूरी टीम ने निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किया। भारतीय योग संस्थान का संकल्प है कि योग को जन-जन तक पहुंचाकर एक स्वस्थ, खुशहाल और तनावमुक्त समाज का निर्माण किया जाए।

# बाल विवाह पर प्रभावी रोक: प्रशासन की तत्परता से सुरक्षित हुआ नाबालिग का भविष्य

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वित प्रयासों से राज्यभर में बाल विवाह रोकथाम की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बलरामपुर जिले के विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरंधा में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह समय रहते रुकवाकर उसके सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित क्षेत्र में नाबालिग बालिका का विवाह तय किए जाने की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान बालक एवं बालिका दोनों की आयु विवाह के लिए निर्धारित वैधानिक आयु से कम पाई गई। इसके बाद टीम ने परिजनों को



बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह के कानूनी एवं सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया।

अधिकारियों ने परिजनों को समझाया कि कम उम्र में विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। विशेष रूप से अल्पायु में मातृत्व से बालिकाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। समझाइश के पश्चात परिजनों ने विवाह स्थगित करते हुए बच्चों की निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने की सहमति व्यक्त की। राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम सभाओं तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही समुदाय को बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका या सूचना प्राप्त हो, तो इसकी जानकारी तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर बच्चों के अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR(Revenue) CSPDCL, DANGANIA, RAIPUR (C.G.) 492013
Phone: 0771-2576750,2576752 Fax: 0771-2576754 Website : www.cspdcl.co.in
Email ID-ceonm.raipur@cspc.co.in

No. 02-15/ ED(Revenue)/GEN/NIT/TS-01/26/590 Raipur dtd. 17-06-2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender, for the following work are invited:-

| Tender Specification No. | Work | Approximately tender value Rs. In Lacs. | Purchase/ download of tender document fee in Rs. | Last date of tender submission |
|---|---|---|---|---|
| 02-15/ ED(Revenue)/ GEN/NIT/TS-01/26/Rfx No-8100052361 | The work of hiring of 05 No. computer operator for O/o ED (Revenue) CSPDCL Raipur | 26.00 | 5000/- | 10.07.2026 |

**Important:-**(I)Please note that any notice for corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(II)The tenders will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our website http://cspdcl.co.in for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM.

SUPERINTENDING ENGINEER (REV.)
O/o Executive Director (Rev)
CSPDCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY G-48229

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, मंगलवार,23 जून 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

## रायपुर नगर पालिक निगम

# महावीर उद्यान की व्यवस्थाओं में होगा व्यापक सुधार, प्रबुद्ध जनों के सुझावों पर होगा त्वरित अमल–विधायक राजेश मूणत

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने आज सुबह महावीर उद्यान (अनुपम गार्डन) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विस्तृत जनसंवाद कर उद्यान की व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जोन अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा दीनदयाल उपाध्याय मंडल के पदाधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जनसंवाद में उठी समस्याओं पर विधायक सख्त

जनसंवाद के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक राजेश मूणत को उद्यान की साफ–सफाई में कमी, सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी, खेल सुविधाओं के अभाव, दीवारों की कम ऊंचाई और मवेशियों के अनियंत्रित प्रवेश जैसी गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मूणत ने मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने साफ कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुधार कार्यों की कार्ययोजना (एस्टीमेट) तैयार कर तत्काल समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**सुरक्षा और सुविधाओं के विस्तार के लिए दिए निर्देश**

विधायक मूणत ने महावीर उद्यान को नागरिक सुविधाओं का एक आदर्श केंद्र बनाने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए

सुरक्षा और मवेशियों पर रोक- उद्यान परिसर की सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। मवेशियों के प्रवेश को पूरी तरह रोकने के लिए छोटे सुरक्षा गेट स्थापित किए जाएंगे। बापू की कुटिया- उद्यान में स्थित फ्रबापू की कुटियाफ्र को सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए पूर्ववत सुलभ और खुला रखने के निर्देश दिए गए, ताकि सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियां चलती

यातायात और स्वच्छता उद्यान परिसर में वाहनों के सुव्यवस्थित और नियंत्रित प्रवेश की व्यवस्था करने तथा नियमित रूप से प्रभावी साफ–सफाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

**जनता का विश्वास और विकास ही प्राथमिकता- मूणत**

इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्राथमिकता केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा, फ्रमहावीर उद्यान क्षेत्र के परिवारों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक जीवन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। आज प्रबुद्ध जनों द्वारा दिए गए सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं ।

# स्वास्थ्य विभाग ने डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने पर 8 भिन्न संस्थानों पर ई चालान किया

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)




रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गन्दगी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लवनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत बाजार क्षेत्र में डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने की जनशिकायतें औचक निरीक्षण में स्थल पर सही मिलने पर सम्बंधित 8 संस्थानों मस्क रेस्टोरेंट एंड बेकरी पर 10000 रूपये, रायल राजस्थानी थाली रेस्टोरेंट पर 500 रूपये,एक्सिस जूस सेंटर, भारतीय भोजनालय, भारतीय डेली नीड्स, मिश्रा जनरल स्टोर्स, मिश्रा नाश्ता सेंटर, बालाजी पर 1000 – 1000 रूपये, कुल 8 भिन्न संस्थानों से कुल 16500 रूपये ई चालान सम्बंधितों को भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए वसूला और डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया.

# संकल्प होम सोसायटी में योग और सामूहिक पौधरोपण का आयोजन; बच्चों ने सीखा भ्रामरी प्राणायाम



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की एएचपी परियोजना के तहत संकल्प होम सोसायटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग और सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। उनके साथ नगर निगम की सामाजिक विकास अधिकारी डॉ. संगीता ठाकुर, रेखा सोनी और संकल्प होम सोसायटी के अध्यक्ष सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में रहवासी और बच्चे उपस्थित रहे।

**बच्चों को दिया गया भ्रामरी प्राणायाम का विशेष प्रशिक्षण**

कार्यक्रम में मुख्य योग प्रशिक्षिका (योग में पीएचडी) डॉ. दुर्गा साहू ने उपस्थित लोगों को योग के महत्व और उसके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और रहवासियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। डॉ. दुर्गा साहू ने विशेष रूप से बच्चों को प्रतिदिन %भ्रामरी प्राणायाम% करने का प्रशिक्षण और सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से भ्रामरी प्राणायाम करने से जीवन में एकाग्रता बढ़ती है, मानसिक शांति मिलती है और बेहतरीन स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया सामूहिक पौधरोपण**

योग सत्र की समाप्ति के बाद सोसायटी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय रहवासियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और समाज को हरित वातावरण के निर्माण का सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों और नागरिकों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया।

# प्रोजेक्ट पुनर्जीवन के तहत रायपुर में पेड़ों से ट्री-गार्ड और कंक्रीट हटाने का कार्य तेज

## कलेक्टर ने की पर्यावरण मित्र बनने की अपील

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में राजधानी रायपुर को हरा–भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए %प्रोजेक्ट पुनर्जीवन% नामक एक अभिनव योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में उन पेड़ों और पौधों को मुक्त कराने का अभियान युद्ध स्तर पर जारी है, जो ट्री–गार्ड या कंक्रीट के घेरों के कारण प्राकृतिक रूप से विकसित नहीं पा रहे थे।

हाल ही में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यक्त की गई चिंता के बाद इस अभियान में और तेजी आई है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के कुशल निर्देशन में सभी 10 जोनों में यह पर्यावरण हितैषी कार्य निरंतर प्रगति पर है।

कंक्रीट और ट्री–गार्ड के बंधनों से मुक्त हो रहे हैं पौधे



विगत वर्षों में पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री–गार्ड और उनके चारों ओर किए गए कंक्रीट के घेरे अब बड़े हो चुके पेड़ों के विकास में बाधा बन रहे थे। इनके कारण पेड़ों की जड़ों तक पर्याप्त पानी, हवा और मिट्टी के पोषक तत्व नहीं पहुंच पा रहे थे।अब प्रोजेक्ट पुनर्जीवन के तहत सभी 10 जोन कमिश्नर अपने–अपने क्षेत्रों और वार्डों में लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे सभी स्थानों और पेड़ों को चिन्हित किया जा रहा है जहां कंक्रीट का घेरा है। कमिश्नरों की उपस्थिति में इन अवरोधों को मौके पर ही हटाने की कारंवाई की जा रही है, ताकि पेड़ों को स्वतः विकसित होने के लिए एक प्राकृतिक और पर्यावरण हितैषी वातावरण मिल सके। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने इस कार्य को निगम की पहली प्राथमिकता में रखने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

सजग नागरिकों को पर्यावरण मित्र के रूप में किया जाएगा सम्मानितरायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने इस अभियान को जन–आंदोलन बनाने के लिए राजधानी के समस्त रहवासियों और नागरिकों से एक बार फिर भावुक अपील की है। उन्होंने कहा है कि केवल प्रशासन के प्रयासों से पर्यावरण का पूर्ण संरक्षण संभव नहीं है, इसमें जनता की भागीदारी जरूरी है।

कलेक्टर ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने आस–पास के पौधों की देखरेख करें, उन्हें नियमित रूप से पानी और खाद दें और उनके विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराएं। जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने वाले और पौधों की सेवा करने वाले पर्यावरण प्रेमी नागरिकों को पर्यावरण मित्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा और समाज में उनके इस सराहनीय योगदान के लिए उन्हें जिला प्रशासन के तत्वावधान में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

**आयुक्त और कलेक्टर कर रहे हैं नियमित समीक्षा**

इस पूरे प्रोजेक्ट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा सभी 10 जोनों में चल रहे कार्यों की खुद रोजाना रिपोर्ट ले रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशों पर कार्य की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जा रही है ताकि शहर का कोई भी पेड़ इस अभियान से अछूता न रहे। इस परियोजना से न केवल रायपुर का भूजल स्तर सुधरेगा, बल्कि कंक्रीट के जंगल के बीच पेड़ों को नया जीवन मिलेगा।

# 10 जुलाई तक एसटीपी कार्य पूर्ण न होने पर ठेकेदार का भुगतान रोकने की महापौर मीनल चौबे ने दी सख्त चेतावनी

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने महाराजबंध तालाब पहुंचकर वहाँ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से बनाए जा रहे 3 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की कछुआ चाल गति को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए।

**कछुआ चाल गति पर ठेकेदार को लगी कड़ी फटकार**

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की बेहद धीमी गति को देखकर महापौर मीनल चौबे ने अनुबंधित ठेकेदार मेसर्स समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यस्थल पर तत्काल अतिरिक्त श्रमिकों (लेबर) की संख्या बढ़ाई जाए ताकि काम में तेजी आ सके और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। महापौर की इस सख्ती के बाद, ठेकेदार के प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि महाराजबंध तालाब के इस एसटीपी का कार्य 10 जुलाई 2026 तक पूरा कर इसे चालू कर दिया जाएगा।

**तय समय पर काम न होने पर रुकेगा भुगतान**

महापौर मीनल चौबे ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि ठेकेदार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार काम 10 जुलाई 2026 तक पूर्ण नहीं होता है, तो मेसर्स समृद्धि वाटर वर्क्स लिमिटेड के भुगतान पर तत्काल रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए कि पर भुगतान रोकने की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 5 के जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, स्मार्ट सिटी के उप अभियंता योगेन्द्र साहू, शुभम तिवारी और जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा भी उपस्थित थे।

# महापौर मीनल ने श्रीराम मंदिर के पास निर्माणाधीन बड़े नाले का किया निरीक्षण; कार्य शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के समीप जलभराव की समस्या को दूर करने और गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए एक बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद एवं एमआईसी (स्छ्ष्ट) सदस्य डॉ. अनामिका सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। लगभग 2 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, यह नाला निर्माण कार्य नगर निगम के जोन क्रमांक 10 के लोक कर्म विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। वीआईपी मार्ग पर श्रीराम मंदिर के पास से लेकर सुलभ शौचालय तक बनने वाले इस नाले की चौड़ाई लगभग 8 मीटर है। इसके निर्माण पर करीब 2 करोड़ रुपए की लागत आ रही है। इस क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए इस बड़ी ड्रेनेज परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

**अधिकारियों और ठेकेदारों को दिए सख्त निर्देश**

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नाला निर्माण की धीमी गति पर असंतोष जताया और कार्य को तत्काल गतिमान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित जोन 10 के जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा, कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर और उप अभियंता श्रीमती निवृत्ति परमार को निर्देशित किया कि वे कार्य की सतत मॉनिटरिंग (लगातार निगरानी) करें।महापौर ने अनुबंधित ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# जनगणना कार्य के दौरान संकलित किये गए आंकड़ों का उपयोग किसी भी तरह से विभाग द्वारा नहीं किया जाता है - उपायुक्त जनगणना

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम उपायुक्त राजस्व डॉ अंजलि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के आंकड़े पूरी तरह गोपनीय होते हैं, इन्हें जारी नहीं किया जाता है।रायपुर नगर पालिक निगम उपायुक्त राजस्व डॉ अंजलि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के आंकड़े पूरी तरह गोपनीय होते हैं, इन्हें जारी नहीं किया जाता है।

नगर निगम उपायुक्त जनगणना जसदेव सिंह बाबरा ने जानकारी दी है कि जनगणना कार्य के दौरान संकलित किये गये व्यक्तिगत आकड़ों का उपयोग किसी भी तरह से विभाग द्वारा नहीं किया जाता है.

नगर निगम उपायुक्त जनगणना जसदेव सिंह बाबरा ने जानकारी दी है कि जनगणना कार्य के दौरान संकलित किये गये व्यक्तिगत आकड़ों का उपयोग किसी भी तरह से विभाग द्वारा नहीं किया जाता है.

# कचरा बाहर फेंकने पर होटल दक्षिण सूत्र पर नगर निगम ने लगाया 2500 का ई-जुर्माना

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



नगर निगम कमिश्नर संबित मिश्रा के निर्देश और जोन 3 की कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की गई है। जोन 3 स्वास्थ्य विभाग को जनशिकायत मिली थी कि क्षेत्र में स्थित होटल दक्षिण सूत्र द्वारा खुले में बाहर कचरा फेंका जा रहा है।

इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निगम की टीम ने होटल का औचक निरीक्षण किया, जहाँ शिकायत पूरी तरह सही पाई गई। इसके बाद जोन कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार ताण्डी ने होटल संचालक पर तत्काल 2,500 का ई–चालान (ई–जुर्माना) ठोक दिया।

निगम अधिकारियों ने होटल प्रबंधन को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी है कि दोबारा गंदगी फैलाने या कचरा बाहर फेंकने पर इससे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, जोन 3 के स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी में मौके पर ही बिखरे हुए कचरे को साफ करवाकर जनशिकायत का त्वरित निपटारा किया गया। नगर निगम ने साफ किया है कि शहर की स्वच्छता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# महापौर मीनल चौबे ने प्रियदर्शिनी नगर सर्विस रोड नाला का किया निरीक्षण

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाले प्रियदर्शिनी नगर नाले का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल से लेकर सर्विस रोड नाला तक की स्थिति का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ जोन 6 के जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता और वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित स्थानीय रहवासी और निगम के अधिकारी मौजूद थे। टूटे–फूटे नाले की मरम्मत के लिए बनेगा प्रस्ताव

सर्विस रोड के पास नाले की स्थिति काफी जर्जर और टूटी–फूटी पाई गई, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी। महापौर मीनल चौबे ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए मौके पर उपस्थित जोन 6 के सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव और उपअभियंता विद्या देशलहरे को तुरंत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस टूटे–फूटे नाले की मरम्मत के लिए जल्द से जल्द एक तकनीकी प्रस्ताव (एस्टीमेट) तैयार किया जाए, ताकि आवश्यक बजट स्वीकृति लेकर निर्माण कार्य को शीघ्रता से शुरू कराया जा सके।

# एकमुश्त जलकर निपटान योजना एवं अवैध नल कनेक्शनों का नियमितीकरण योजना

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 132 की उपधारा (1) के खंडफ्रखफ्र में उल्लेखित जलकर की दरों एवं अवैध कनेक्शनों के नियमितीकरण करने संबंधित नियम, अधिसूचना दिनांक 3 फरवरी 2010 द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अनुसार अवैध नल कनेक्शनों का नियमितीकरण योजना तैयार की गई। वर्तमान में वैध नल कनेक्शन 2,21,000 है एवं रायपुर शहर में कुल भवनों की संख्या लगभग 3,50,000 के आधार पर लगभग 90000 अवैध नल कनेक्शन संचालित है जो सीधे तौर पर निगम के जल के राजस्व को क्षति पहुंचा रहे है।

**योजना का मुख्य उद्देश्य**

डेटाबेस का एकीकरण जल विभाग के डेटा को संपत्ति कर प्रणाली के साथ पूर्णतः लिंक करना।

**राजस्व सुदृढीकरण:** अवैध कनेक्शनों को वैप कर और पुराने बकाये की एकमुश्त वसूली कर राजस्व में स्थायी वृद्धि करना।

**नागरिक राहत:** उपभोक्ताओं को बिना किसी भारी दंडात्मक वित्तीय भार (ब्याज) के पुराने विवादों से मुक्त करना। प्रस्तावित लाभार्थी वर्गीकरण एवं रियायत संरचना **मिसिंग एवं अवैध कनेक्शनधारी**

अवैध आवासीय कनेक्शन वर्तमान में प्रचालेत नल कनेक्शन दर अनुसार ऐसे कनेक्शनों को वैध करने हेतु नियमितीकरण शुल्क 5000 रू. एवं वैध कनेक्शन शुल्क 15882 रू. कुल 20882 रू. जमा कराने के पश्चात् आधा इंच घरेलू कनेक्शन को पूर्णतः वैध व मुख्य धारा में सम्मिलित किया जाएगा।

अवैध व्यावसायिक कनेक्शन ऐसे कनेक्शनों को वैध करने हेतु नियमितीकरण शुल्क 15000 रू.एवं वैध कनेक्शन शुल्क 15882 रू. कुल 30882 रू. जमा कराने के पश्चात आधा इंच व्यवसायिक कनेक्शन को पूर्णतः वैध व मुख्यधारा में सम्मिलित किया जाएगा।

लेख समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशिकत
हेतु संपर्क करे : 9806044444



## सम्पादकीय

# पैदल यात्रियों का हक

जब सुप्रीम कोर्ट यह कहता है कि सुरक्षित और तयशुदा फुटपाथ पर चलना आम व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, तो इसके खास मायने हैं। अदालत उस हकीकत की ओर नीति-नियंताओं का ध्यान दिलाती है, जिसे अब तक भारतीय शहरों के नियोजन में नजरअंदाज किया गया। निश्चित रूप से सड़कों पर पहला हक लोगों का है, बाद में गाड़ियों का। सही मायने में कोर्ट ने पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को जीवन, आजादी और कहीं भी आने-जाने की गारंटी से जोड़कर सार्थक पहल की है। अदालत ने इस तरह नागरिक जीवन की एक बुनियादी जरूरत को सार्वजनिक जवाबदेही का मुद्दा बना दिया है। यह एक हकीकत है कि देश के करोड़ों भारतीयों के लिये पैदल चलना रोजमर्रा की जरूरत है, न कि जीवनशैली का विकल्प। इनमें तमाम स्कूल जाने वाले बच्चे, बाजार जाने वाले बुजुर्ग, कम दूरी तक आने-जाने वाले कामगार और दिव्यांग लोग शामिल हैं, जिनके लिये सुरक्षित पैदल यात्रा जीवन की एक सुविधा है। यह विडंबना ही है कि अक्सर रेहड़ी-खोमचे वाले, गलत तरीके से सड़कों में खड़ी गाड़ियां और निर्माण कार्य से जुड़ा मलबा पैदल यात्रियों के रास्ते पर अतिक्रमण कर देता है। यही वजह है कि पैदल यात्रियों को व्यस्त सड़कों पर चलने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिससे अकसर उनका जीवन खतरे में पड़ सकता है। कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा है कि गाड़ी चलाने वाले पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सही मायने में यह टिप्पणी वाहन केंद्रित शहरी नियोजन की सोच पर सीधे प्रहार करती है।


यह विडंबना ही है कि शहरी सड़क परियोजनाओं में ट्रैफिक के प्रवाह को प्राथमिकता दी गई है। वहीं फुटपाथ को गैर जरूरी माना गया है। इसकी ही वजह से अकसर होने वाले सड़क हादसों का शिकार पैदल यात्रियों को होना पड़ता है। इसी दोषपूर्ण नीति के चलते ही लगातार पैदल चलने की जगह सिमटती रही है और सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ती रही है। सड़क परिवहन मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों में इस साल 36,526 पैदल यात्रियों की मौत हुई है। मरने वालों का यह आंकड़ा सड़क दुर्घटना में मरने वाले लोगों की संख्या का 20.26 प्रतिशत है। यही वजह है कि कोर्ट को पैदल चलने वाले लोगों के अधिकार की सुरक्षा के लिये एक कानूनी ढांचा बनाने पर जोर देना पड़ा है। वास्तव में पैदल यात्रियों की रक्षा के लिये कानून तो पहले से ही हैं, मगर ये बिखरे हुए हैं। यदि एक व्यापक कानून बनता है तो फुटपाथ के डिजाइन, यात्रियों की पहुंच, फुटपाथों के रखरखाव और जवाबदेही के लिये मानकों का निर्धारण संभव हो सकेगा। इस संकट के समाधान के लिये नगर निकायों को अतिक्रमण-रोधी नियमों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करना चाहिए। वास्तव में तभी कोई शहर सचमुच आधुनिक बनता है, जब वह ज्यादा कारों को जगह देने के बजाय हर आम नागरिक को सुरक्षित और सम्मान के साथ चलने की सुविधा प्रदान करता है।

# सफलता की कहानी...दंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखी दुर्लभ उड़न गिलहरी, संरक्षण प्रयासों की बड़ी सफलता

## स्वस्थ और समृद्ध वन पारिस्थितिकी तंत्र का मिला प्रमाण







**रायपुर।** भारतीय उड़न गिलहरी (विशेषकर इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्विरल) एक दुर्लभ और निशाचर (रात में सक्रिय) जीव है। यह मुख्य रूप से घने जंगलों में पाई जाती है । छत्तीसगढ़ के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक खबर सामने आई है। हाल ही में रिजर्व क्षेत्र में वन भ्रमण के दौरान दुर्लभ इंडियन फ्लाइंग स्क्विरल (भारतीय उड़न गिलहरी) दिखाई दी है। इस दुर्लभ जीव की मौजूदगी को वन संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

**संरक्षण प्रयासों का सकारात्मक परिणाम :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक आवासों के संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। वन विभाग द्वारा जंगलों की सुरक्षा, वन्यजीवों के संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व दुर्लभ वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बनता जा रहा है।

**क्या है उड़न गिलहरी की विशेषता :** पेड़ों के बीच हवा में करती है सफर इंडियन फ्लाइंग स्क्विरल वास्तव में पक्षियों की तरह उड़ती नहीं है। इसके आगे और पीछे के पैरों के बीच विशेष झिल्ली होती है, जिसकी मदद से यह एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक आसानी से फिसलते हुए लंबी दूरी तय करती है।

**रात में रहती है सक्रिय :** यह एक रात्रिचर जीव है, जो दिन में पेड़ों के खोखलों में आराम करती है और रात के समय भोजन की तलाश में बाहर निकलती है।

**स्वस्थ जंगलों की पहचान :** उड़न गिलहरी केवल घने और प्राकृतिक रूप से सुरक्षित जंगलों में ही पाई जाती है। इसलिए इसका दिखाई देना इस बात का संकेत है कि उदंती- सीतानदी टाइगर रिजर्व का वन क्षेत्र जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन की दृष्टि से समृद्ध है।

**वन विभाग की प्रतिबद्धता को मिली नई पहचान :** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप संचालक वरुण जैन ने कहा कि उड़न गिलहरी का दिखाई देना वन विभाग के लिए गर्व का विषय है। यह रिजर्व क्षेत्र में किए जा रहे संरक्षण कार्यों की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों के सुरक्षित आवास और संरक्षण के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।

**जागरूकता और इको-पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा :** वन विभाग का मानना है कि इस दुर्लभ प्रजाति के दस्तावेजीकरण से प्रदेश की जैव विविधता को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, प्रकृति प्रेमियों और स्थानीय समुदायों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इससे इको-पर्यटन को भी नई दिशा मिलने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक धरोहर हुई और समृद्ध

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में इंडियन फ्लाइंग स्क्विरल का दिखाई देना केवल एक वन्यजीव की उपस्थिति नहीं, बल्कि राज्य में चल रहे संरक्षण प्रयासों की सफलता की कहानी है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि योजनाबद्ध संरक्षण, सतत निगरानी और वन विभाग की प्रतिबद्धता से दुर्लभ वन्यजीवों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ की यह प्राकृतिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संरक्षण और प्रेरणा का महत्वपूर्ण उदाहरण बनेगी।

# छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान' की महा-क्रांति

## भौगोलिक दूरियां होंगी खत्म, वनांचलों से लेकर शहरों तक पहुंच रही आधुनिक शिक्षा



विष्णु प्रसाद वर्मा
(सहायक संचालक)

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा जगत में एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार से मिली प्रमुख स्वीकृतियों और सौगातों की श्रृंखला में 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान' राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नैशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल ग्रेडिंग में सुधार, और अनुसंधान के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी-भरकम वित्तीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। यह योजना पूर्ववर्ती राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का ही एक परिष्कृत और अधिक उन्नत रूप है।

**अधोसंरचना विकास के लिए मिला 'मेगा बजट :** इस योजना के तहत देश भर के लिए कुल 12,926.10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस विशाल बजट का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा छत्तीसगढ़ के हिस्से आया है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित पात्र शासकीय विश्वविद्यालयों को मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज के अंतर्गत प्रति संस्थान 20 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपए तक का भारी-भरकम अनुदान मिल रहा है। वहीं, चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों को बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए तक का प्रोजेक्ट-बेस्ड अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है। इस वित्तीय भार का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60:40 के अनुपात (60% केंद्रांश और 40% राज्यांश) में किया जा रहा है।

**धरातल पर उतरी योजना: स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक लैब का निर्माण जारी :** छत्तीसगढ़ में यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से प्रगति कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जा चुका है। वर्तमान में, चयनित कॉलेजों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही, राज्य के शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, और कंप्यूटर सेंटर जैसे अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

**बस्तर से सरगुजा तक सभी 33 जिलों को मिल रहा है सीधा लाभ :** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना का सबसे खूबसूरत पहलू इसका समावेशी होना है। इस परियोजना का लाभ छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों को मिल रहा है। योजना के तहत विशेष रूप से राज्य के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों जैसे बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग,कम सकल नामांकन अनुपात वाले क्षेत्रों,आकांक्षी जिलों जैसे धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद आदि के शासकीय कॉलेजों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है, ताकि विकास की दौड़ में पीछे छूटे क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

### 5 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के सपनों को उड़ान

इस दूरदर्शी परियोजना से राज्य के विभिन्न शासकीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत लगभग 5 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और महिला वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। अब छत्तीसगढ़ के वनांचलों और दूरदराज के गांवों के युवाओं को भी वैश्विक स्तर की आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान की सुविधाएं अपने ही राज्य में सुलभ हो रही हैं, जो उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रख रही हैं।

# रिफॉर्म एक्सप्रेस के अंतर्गत बढ़ रही न्यायिक सुगमता



अर्जुन राम मेघवाल
भारत सरकार में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री

न्याय सदा से ही मानव सभ्यता का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण और अभिन्न स्तंभ रहा है। हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा तथा उसके स्थायी प्रतीक सामूहिक रूप से उन संस्थागत व्यवस्थाओं को दर्शाते हैं जिन्होंने मानव सभ्यता की विकास यात्रा को सही मार्ग पर आगे बढ़ाया, मार्गदर्शन किया और निरंतर आगे बढ़ने में सहायता की। मानव सभ्यता के अनवरत विकास के फलस्वरूप ज्ञान-विज्ञान और तकनीक से समृद्ध आधुनिक समाज में एक-दूसरे से जुड़े व्यक्तियों और समुदायों के आपसी संबंधों में भी विभिन्न विचारों और मतों के कारण परिवर्तन आया है, तथापि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी उन्नति ने देश की सीमाओं से आगे जाकर विचारों के निर्बाध आदान-प्रदान को और अधिक सुगम बनाया है। अनादि काल से, एक विचार की दूसरे विचार पर श्रेष्ठता स्थापित करने की होड़ न्यायशास्त्र के विकास की एक मजबूत नींव रही है। युगों से विचारों और मूल्यों के इस अंतर्संघर्ष के बीच न्यायिक संस्थानों ने सत्य, निष्पक्षता और विधि के शासन में लोगों के विश्वास को पुन: स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाई है। इन्होंने एक सेतु का काम किया है जो प्रत्येक संबंधित पक्ष को, यहाँ तक कि उन लोगों को भी जो स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं, न्याय और सामूहिक कल्याण की एक व्यापक प्रक्रिया से जुड़ाव, विश्वास और सहभागिता का अनुभव कराता है।

इसी स्थायी संस्थागत प्रतिबद्धता के कारण एक ऐसी सशक्त व्यवस्था निर्मित होती है जो न केवल न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करती है बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए अनिवार्य है। वर्तमान संदर्भ में विकसित भारतीय न्यायशास्त्र ने स्वयं को आधुनिक चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों के अनुरूप ढाल लिया है। हमारी संवैधानिक विरासत हमें स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं का स्वप्न साकार करते हुए एक समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में सतत मार्गदर्शन प्रदान करती है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय की त्रिवेणी अर्थात राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श संस्थाओं और व्यक्तियों दोनों के लिए एक नैतिक दिशासूचक के रूप में कार्य करते हैं। स्वतंत्र भारत को संविधान के रूप में एक आदर्श मार्गदर्शक प्राप्त हुआ जिसने हमारे राष्ट्र की प्रगति की दिशा निर्धारित की। देश की आजादी के बाद यद्यपि हमने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी, फिर भी गहरी जड़ें जमा चुकी औपनिवेशिक मानसिकता भारतीय चिंतन और मूल्यों के लिए एक बौद्धिक अवरोध बनी रही। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति, उसके बाद भारत के नागरिकों के लिए बनाए गए दंडात्मक कानून तथा विभिन्न नीतियों ने नियमों का एक जटिल जाल बुन दिया, जिसने देश की जनता की स्वतंत्रता को सीमित किया। 19वीं सदी की मानसिकता और 20वीं सदी के कानून 21वीं सदी की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। हमें अपनी राष्ट्रीय उपलब्धियों पर अपार गर्व है। फिर भी, जब हम मोदी सरकार की बारह वर्षों की विकास यात्रा पर नजर डालते हैं तो शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है जिसने नागरिकों के जीवन को अनेक स्तरों पर प्रभावित किया है। वर्ष 2014 को हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा। यह वह वर्ष था जबकि देश में युवाओं की विशाल आबादी को देश के विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानने वाले तीव्र गति से विकसित हो रहे भारत की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाया गया।

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में संपूर्ण शासन व्यवस्था ने रिफॉर्म एक्सप्रेस से प्रेरित विकास की प्रक्रिया को तेजी से अपनाते हुए सशक्तिकरण की शक्ति का परिचय दिया है। इसकी यात्रा को संक्षेप में इस प्रकार बताया जा सकता है कि यह जमीनी स्तर से 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने का प्रयास है। साथ ही, 'राष्ट्र प्रथम' के दृष्टिकोण को शीर्ष स्तर से लागू करना भी इसका उद्देश्य है। इसी प्रकार, भारत की न्यायिक सुधारों की यात्रा भी व्यापकता, नवाचार और गहन सामाजिक एवं सभ्यतागत प्रतिबद्धता की एक प्रेरक गाथा रही है। यह एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाती है जिसमें विधायी आधुनिकीकरण, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और डिजिटल नवाचार शामिल हैं। 'ईज ऑफ जस्टिस' हमारे लिए मात्र एक कथन नहीं है बल्कि यह एक सुधार का मंत्र है जिसमें न्याय के लिए अदालत की शरण में जाने वालों के लिए 'ईज ऑफ इंगेजमेंट', अधिवक्ताओं और न्यायाधिशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' तथा नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' शाामिल है। न्याय हेतु अदालतों की शरण में जाने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए DISHA योजना के तहत टेली-लॉ, न्याय बंधु और प्रो बोनो सेवाओं के विस्तार ने न्याय प्राप्ति को अत्यंत सुलभ और किफायती बना दिया है। कॉमन सर्विस सेंटर के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित टेली-लॉ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के 112 लाख से अधिक लाभार्थियों को अदालतों में मुकदमे दायर करने से पहले मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त करने का लाभ मिला है। ई-फाइलिंग और ई-सेवा केंद्र की सेवाओं ने अदालत में मुकदमा दायर करने वाले व्यक्तियों और न्यायिक व्यवस्था के बीच नियमित संवाद एवं संपर्क को और अधिक सरल बनाया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय का भारत का यह अनूठा मॉडल वैश्विक स्तर पर एक मानक के रूप में उभरा है। अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' को डिजिटल और भौतिक अवसंरचना दोनों में व्यापक विस्तार द्वारा उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया गया है। चूंकि जिला एवं अधीनस्थ न्यायपालिका देश के अधिकांश नागरिकों के लिए न्यायिक व्यवस्था का पहला संपर्क बिंदु है, अत: इसे सुदृढ़ करना एक अनिवार्य और व्यावहारिक प्राथमिकता बनी हुई है। इसी दृष्टि से, केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत न्यायालय भवन, अधिवक्ता कक्षों, आवासीय इकाइयों तथा डिजिटल अवसंरचना के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, देश में न्यायालय भवनों की संख्या वर्ष 2014 के 15,818 से बढ़कर 22,712 हो गई है तथा अत्याधुनिक एकीकृत न्यायालय परिसरों के विकास हेतु वर्ष 2014 के बाद से अब तक 9,400.40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 7200 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय से शुरू की गई ई-कोर्ट चरण-III परियोजना का उद्देश्य न्यायालयों को पूर्णत: डिजिटल, पेपरलेस और एआई-सक्षम न्याय वितरण संस्थानों में परिवर्तित करना है। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं, वर्चुअल कोर्ट और अदालती कार्यवाही की लाईव स्ट्रीमिंग जैसी पहलों ने न्यायपालिका को लोगों के और करीब ला दिया है तथा न्याय वितरण को अधिक सुलभ, पारदर्शी और कुशल बनाया है। भारत जैसे भाषाई विविधता वाले देश में नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' का होना 'ईज ऑफ जस्टिस' के व्यापक ढांचे का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर और भाषिणी जैसे एआई- संचालित नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग उपकरण उच्चतम न्यायालय के निर्णयों एवं आदेशों का 18 भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं, जिससे आम जनता के लिए कानूनी जानकारी अधिक सुलभ हो रही है। इस प्रयास को और अधिक सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड जो एक सांख्यिकीय एवं विश्लेषणात्मक मंच है, 340 मिलियन से अधिक अदालती आदेशों एवं उनसे संबंधित जानकारियों के विशलेषण तक एक क्लिक में पहुंच प्रदान करता है। साथ ही, सरकार शिक्षाविदों के सहयोग से सरल और सहज विधायी प्रारूपण (ड्राफ्टिंग) को बढ़ावा दे रही है ताकि कानूनों को अधिक सरल और आम नागरिकों के अनुकूल बनाया जा सके। भारत में औपनिवेशिक दंड संहिता के स्थान पर नई आपराधिक न्याय प्रणाली को लागू करने से दाण्डिक व्यवस्था के स्थान पर न्यायिक व्यवस्था स्थापित हुई है। ई-कोर्ट, ई-प्रोसीक्यूशन, ई-प्रिजन और ई-फोरेंसिक को अपराध तथा आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम के साथ जोड़ना भी एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कदम है। 'न्याय श्रुति' प्लेटफॉर्म ने वर्चुअल उपस्थिति और गवाहों के बयानों को रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया को इतनी कुशलता से सुगम बनाया है कि जब कोई अदालत किसी नागरिक को जमानत देती है, तो डिजिटल जमानत आदेश तुरंत जेल पोर्टल पर पहुंच जाता है जिससे कागजी कार्रवाई और प्रशासनिक देरी समाप्त हो जाती है, जो पारंपरिक रूप से समय पर रिहाई में बाधा डालती थी। यह वास्तविक समय में केस डेटा के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है और एक अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली का मार्ग प्रशस्त करता है। उच्च न्यायपालिका की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भी सार्थक उपाय किए गए हैं। उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या वर्ष 2014 के 906 से बढ़कर 1122 हो गई है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या भी 31 थी जिसे वर्ष 2019 में बढ़ाकर 34 कर दिया गया है तथा उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 के माध्यम से इसे बढ़ाकर 38 कर दिया गया है। पिछले 12 वर्षों में देश के उच्च न्यायालयों में सामाजिक रूप से विविध पृष्ठभूमि वाले 1175 न्यायाधीशों की तथा उच्चतम न्यायालय में 77 न्यायाधीशों की नियुक्ति न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कार्यपालिका और न्यायपालिका के समन्वित प्रयासों को दर्शाती है। यह स्पष्ट है कि अनावश्यक कानूनों की जटिलता संबंधित पक्षों पर अनावश्यक बोझ डालती है। 40,000 से अधिक अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने तथा औपनिवेशिक युग के 1725 निरर्थक और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने से विभिन्न क्षेत्रों में ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही, आर्बिट्रेशन संबंधी कानूनों को सुदृढ़ करना, इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर जैसी संस्थाओं की स्थापना तथा मेडिएशन एक्ट 2023 के माध्यम से वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना तथा इस क्षेत्र में भारत के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाता है। वर्तमान में जबकि विश्व जटिल भू-राजनीतिक परिवर्तनों और आर्थिक अनिश्चितताओं से गुजर रहा है, भारत के विधिक और राजनयिक नेतृत्व ने BRICS देशों के न्यायमंत्रियों की बैठक, 2026 के दौरान मेडिएशन और आर्बिट्रेशन को विवाद समाधान के लिए अधिक प्रभावी और सुलभ माध्यम के रूप में स्थापित करने हेतु एक सामूहिक प्रतिबद्धता के रूप में गांधीनगर घोषणा पत्र को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे वैश्विक सहयोगों का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या को कम करना, व्यापार और निवेश के लिए स्थिर एवं सुविचारित परिवेश को सृजित करने पर अत्यधिक बल देना तथा अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचना है।

ये सभी पहलें एक साझा दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि न्याय प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक जवाबदेह, सुलभ और सहयोगी शासन व्यवस्था प्राप्त हो। जैसे-जैसे हमारा देश माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित विकसित भारत @2047 की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, हम एक ऐसे भावी न्याय प्रणाली के निर्माण के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं जो लचीली, नवोन्मेषी, समावेशी और 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षाओं से प्रेरित हो।

# छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान धनवंतरि की वंदना से सारंगढ़ में योग दिवस का शंखनाद

## योग और नृत्य का अद्भुत संगम- सारंगढ़ में बच्चों ने संगीत की धुन पर योग मुद्राओं से मोहा मन



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय वृहद योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस वर्ष ¬योगा 365 डेज एम्ब्रेस योगा और ¬बढ़ते उम्र के स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आधारित इस शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं उच शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गरिमा के साथ भगवान धनवंतरि और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रवलन कर किया गया।इस आयोजन में प्रशासनिक और राजनीतिक अमला एक मंच पर नजर आया। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा के साथ कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, बरमकेला जनपद अध्यक्ष सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पत्रकारों और स्कूली बचों समेत लगभग 1,000 नागरिकों ने एक साथ बैठकर योग की विभिन्न विधाओं व प्राणायाम का अभ्यास किया।

**पीएम मोदी के संदेश का वाचन और हस्ताक्षर अभियान**

कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ राष्ट बनाने के संदेश का वाचन किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को बधाई देते हुए जीवन में नियमित योग अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर योग के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें मंत्री, कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर किए।

**योग और नृत्य का अद्भुत संगम**

इस जिला स्तरीय योग दिवस का मुख्य आकर्षण बचों द्वारा नृत्य शैली में किया गया योग प्रदर्शन रहा। मुख्य सत्र के बाद, योग शिक्षिका (व्यायाम शिक्षिका) ममता साहू के मार्गदर्शन में सिम्मी योगा एंड फिटनेस सेंटर, योगाचार्य सुभाष पटेल की टीम और सरिया की योगिनी अकादमी के बचों ने श्रीरामचंद्र सहित अन्य भक्ति गीतों पर सामूहिक योग मुद्राओं का विहंगम प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, सापटेल ने एकल गीत पर योग की अत्यंत कठिन मुद्राओं को सहजता से प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि और उपस्थित जनसमुदाय की खूब वाहवाही बटोरी।

अनुशासित भागीदारी और प्रेरक पल आयोजन को सफल बनाने में भारत स्काउट, जूनियर रेडक्रॉस और एनएसएस (हस्स्) के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्कूल और कॉलेज के इन छात्र-छात्राओं की अनुशासित और ऊर्जावान भागीदारी ने योग के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाया।

कार्यक्रम में एक भावुक और प्रेरक पल तब देखने को मिला जब मंच से हजार से अधिक नागरिकों को योग का अभ्यास करा रहीं ।

# हाईटेक ड्रोन सर्वे से अनुज्ञा के अनुरूप खनन और भंडारण की हो रही है विस्तृत जांच

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अवैध रेत खनन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रदेश भर में लगातार अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की जा रही है। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ खनिज विभाग का मैदानी अमला अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए कड़ी निगरानी कर रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर 21 जून 2026 को रात्रिकालीन खनन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला एम.सी.बी. की तहसील केल्हारी अंतर्गत दंडाहस्वाही स्थित केवाई नदी, पसौरी, कुटरा तथा हसदेव नदी क्षेत्रों के सघन निरीक्षण में स्वीकृत दो अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञप्ति स्थलों का विस्तृत परीक्षण किया गया। मौके पर उपलब्ध रेत की मात्रा का आकलन हाईटेक ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से किया गया। निरीक्षण में भंडारण अनुज्ञा की शर्तों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित रेत भंडारणकर्ताओं को कारण बताओ सूचना जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है ।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में एआई-संचालित पुस्तकालय परिवर्तन पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)




## उद्घाटन सत्र में विचार-मंथन और पुस्तक विमोचन

कलिंगा विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा, अंतर्राष्टीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT) नया रायपुर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्टीय सम्मेलन "ICTL–2026" का सफल समापन हुआ। स्मार्ट ज्ञान भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) द्वारा पुस्तकालयों का रूपांतरण विषय पर आधारित इस सम्मेलन में भारत और विदेशों के शिक्षाविदों, पुस्तकालयाध्यक्षों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अख्तर परवेज थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सविता मित्तल, डॉ. विक्रम कुमार शर्मा, प्रो. डॉ. श्रीनिवास के. जी. (IIIT नया रायपुर), डॉ. एस. चंदरप्पा और नैसकॉम के करण सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो–कुलपति डॉ. मोनिका सेठी और कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने की, जबकि संयोजन डॉ. मोहम्मद नासिर ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने पुस्तकालयों को तकनीक–सक्षम ज्ञान केंद्रों के रूप में विकसित करने और शोध सहायता प्रणालियों में AI की भूमिका पर बल दिया। टोटल लाइब्रेरी सॉल्यूशंस (TLS) ग्रुप की सुमानसी सैनी ने शैक्षणिक लेखन और शोध संचार में 'Grammarly' जैसे AI प्लेटफॉर्मों की उपयोगिता को रेखांकित किया। उद्घाटन समारोह में सम्मेलन कार्यवाही (Conference Proceedings) और संपादित पुस्तक के प्रथम खंड का विमोचन भी किया गया।

**तकनीकी सत्र और प्रमुख विषय**

सम्मेलन में कुल छह तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें बांग्लादेश और भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने विशेष व्याख्यान दिए। इस दौरान लगभग 150 शोध–पत्र प्रस्तुत किए गए। चर्चा के मुख्य विषयों में मशीन लर्निंग, चैटबॉट्स, स्मार्ट लाइब्रेरी, RFID तकनीक, सिमेंटिक सर्च, बिब्लियोमेट्रिक्स, हरित पुस्तकालय और भविष्य उन्मुख सूचना पारिस्थितिकी तंत्र जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल रहे।

**समापन सत्र और पुरस्कार वितरण**

समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ पद्मडॉ. पुखराज बाफना थे और विशिष्ट अतिथि द्धद्धद्धञ नया रायपुर के निदेशक प्रो. डॉ. ओम प्रकाश व्यास रहे। डॉ. बाफना ने युवाओं को नैतिक मूल्यों के साथ तकनीकी प्रगति को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यावसायिक पुरस्कारों का भी वितरण किया गया डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड- डॉ. अख्तर परवेज एक्सीलेंस इन लाइब्रेरी लीडरशिप अवार्ड- डॉ. विक्रम कुमार शर्मा एमिनेंट लाइब्रेरियन अवार्ड- डॉ. सविता मित्तल बेस्ट पेपर अवार्ड (पुस्तकालयाध्यक्ष श्रेणी)- सुसुनीमा बरार (IIT भिलाई) बेस्ट पेपर अवार्ड (शोधार्थी श्रेणी)- राज कुमार राजा (बिहार) अंत में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने सभी अतिथियों, प्रायोजकों (जैसे Knimbus, Turnitin, TLS आदि)।

# व्यापारी कल्याण संघ की बैठक में समस्याओं पर सहमति बनी



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

आज महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ की अध्यक्ष विमल बाफना के नेतृत्व में नगर पालिक निगम जोन 5 कार्यालय में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल जोन कमिश्नर क्षीर सागर नायक सब इंजीनियर टिकेंद्र चंद्राकर के साथ बैठक हुई जिसमें महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ की ओर से दुकानों के आगे मार्किंग की सुविधा ब्लैक स्पॉट दुर्घटना स्थल पर फाइबर स्पीड ब्रेकर पेयजल वाल्व पर लोहे की चादर वाली प्लेट स्मार्ट बाजार के लिए सीसीटीवी कैमरा डिवाइडर पर वृक्षारोपण कराकर रेलिंग लगाया जाना महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट वाटर एटीएम लाखे नगर चौक का अनमोल ज्वेलर्स से लाखे नगर चौक तक पेवर्स लगाए जाने लाखे नगर चौक का सौंदर्यकरण ठेले खोमचे वालों के लिए वेंडिंग जोन बनाना स्वच्छता में जोन 5 सर्वप्रथम स्थान आए अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण आश्वासन दिया तत्पश्चात जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल जोन कमिश्नर क्षीरसागर नायक को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया व्यापारियों ने आश्वासन क्षेत्र के विकास में व्यापारी संघ के द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल में राम चौरसिया विनोद जोशी राजकुमार अग्रवाल वैभव सालुंखे प्रशांत भागवत विनोद जैन मोहन पटेल विवेक गर्ग रवि फूट वेयर विजय कलंत्री महेश धनवानी राहुल पटेल एवं अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# योग से स्वस्थ जीवन और सशक्त समाज का निर्माण संभव-मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े




रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बलरामपुर में हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिले में ¬स्वस्थ आयु के लिए योगथीम के साथ व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के हाई स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नागरिकों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। आज विश्व के अनेक देशों में योग को स्वास्थ्य, संतुलन और मानव कल्याण के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। योग और अध्यात्म एक–दूसरे के पूरक हैं तथा यह व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। योग ऐसी प्राचीन भारतीय साधना है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित कर निरोग जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। योग व्यक्ति में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए उपस्थित लोगों को नियमित योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा चेरवा, नगर पालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रशिक्षकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, मकरासन सहित विभिन्न योगासनों के साथ भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

# सीएम साय के निर्देश लगातार कार्रवाई से अवैध खनन गतिविधियों पर लग रहा है प्रभावी अंकुश

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई हो रही है। शासन की मंशा खनिज संसाधनों के संरक्षण, उनके नियमानुसार उपयोग तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश सुनिश्चित करने की है।



इसी कड़ी में खनिज साधन के विभाग के सचिव और संचालक के निर्देशानुसार केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर 21 एवं 22 जून 2026 को विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान जिला बलौदाबाजार के ग्राम खपरीडीह में गौण खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर से संबंधित स्वीकृत अस्थायी भंडारण अनुज्ञप्ति स्थलों एवं खदानों का निरीक्षण किया गया। जांच में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर 06 क्रशर इकाइयों को सीलबंद किया गया तथा संबंधित संचालकों को जवाब प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किए गए। इसी प्रकार जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के ग्राम दहिदा में महानदी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक चैन माउंटेन मशीन द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जाना पाया गया। खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत उक्त मशीन को जब्त कर आगामी आदेश तक सीलबंद किया गया। मशीन को मशीन ऑपरेटर की सुपुर्दगी में दिया गया है तथा मशीन स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त सभी स्थलों की जांच एवं सत्यापन ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से भी किया गया, जिससे खनन गतिविधियों का सटीक आकलन सुनिश्चित किया जा सके।

# मुख्य सचिव ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के समस्त विभागों के भार सादक सचिवों की बैठक ली। बैठक में विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव सभी ऑनलाइन सेवाओं को सेवा सेतु में लाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। मुख्य सचिव ने आगामी 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के लिए विभागों के अंतर्गत सभी जरूरी तैयारियों के साथ विभागीय अधिकारियों को विधानसभा में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को वरीयता देने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में ई–ऑफिस, लोक सेवा गारंटी, नियद नेल्लानार डेसबोर्ड, सुघ्घर छत्तीसगढ़, पीएम प्रगति पोर्टल, ई–प्रगति सीजी स्टेट पोर्टल, डी रेगुलेशन ई–गजट, सेवा सेतु, मनरेगा, पीएम सूर्य घर बिजली सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागों के अंतर्गत रिक्त पदों की सूची अद्यतन करने एवं कर्मचारी चयन मंडल के कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से ली। बैठक में गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सावंत, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव श्रीमती शहला निगार, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत, गृह विभाग की सचिव श्रीमती नेहा चम्पावत, सामान्य प्रशासन एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, सामान्य प्रशासन, जनशिकायत निवारण एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उभोक्ता संरक्षण एवं वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग की सचिव सुरीना बाबा साहेब कंगाले, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव सुआर.शंगीता, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव बसवराजु एस., जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, वाणिज्यिक कर (पंजीयन) सचिव भुवनेश यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के सचिव मौजूद थे।

# प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है – कांग्रेस

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज नहीं हो पा रहा। प्रदेश नकली दवाओं का केंद्र बन चुका है, राजधानी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में, हर सरकारी अस्पताल में लगातार नकली दवाएं मिल रही है। मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, मेकाहारा जैसे अस्पताल में एक बेड पर दो प्रसूता को बच्चों के साथ लिटाया जा रहा। स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय उस पर पर्दा डालने में लगे है। मेकाहारा जैसे अस्पताल में एमआरआई और सीटी स्केन की फिल्म तक नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि दवा के नाम पर ज़हर दिया जा रहा है, नकली अमानक, गुणवत्ताहीन, फंगस लगे दवा का वितरण मरीजों को किया जा रहा था, इतने गंभीर विषय पर यह सरकार गंभीर नहीं है, महिनो बाद तक न किसी की जिम्मेदारी तय की गई, न ही कोई कार्यवाही हुई। छोटे–छोटे बच्चों को जो कृमि की जो दवाइयां खिलाई गई हैं, जांच में अमानक पाया गया, डायरिया पीड़ित मरीजों को दी गई दवाओं में फंगस मिला, कई एंटीबायोटिक दवाओं से मरीजों को एलर्जी हो रही है, गर्भवती महिलाओं और माताओं को बांटी गई आयरन, सल्फेट और फोलिक एसिड की दवाएं गुणवत्ताहीन पाई गई। सरकारी अस्पतालों में फफूंद लगे ग्लूकोस बोतल चढ़ाने से मरीजों की तबियत खराब हो रही है। पेरासिटामोल से लेकर सर्जिकल ब्लेड तक, एल्बेंडाजोल से लेकर प्रेगनेंसी कीट तक अमानक निकले। यह सरकार उन दवाओं के उपयोग को लेकर मात्र एडवाइजरी जारी करके अपने जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि जिन दवा कंपनियों के उत्पादों पर देश के विभिन्न राज्यों में प्रतिबंध लगा है, उन्हीं कंपनियों की लगभग वही दवाइयां प्रदेश में धड़ल्ले से बिक रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पावर कंपनी में हुआ योगाभ्यास

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



कार्यपालक निदेशक ने शीर्षासन और नन्हीं विराध्या ने सेतुबंधासन से किया मंत्रमुग्ध

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ रायपुर में अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य विवेक गनोदवाले तथा प्रबंध निदेशकगण एस.के. कटियार एवं राजेश कुमार शुक्ला ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन और संतुलित दिनचर्या का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

पावर कंपनी मुख्यालय स्थित लोड डिस्पेच सेंटर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. आनंद भारतीय ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इसके पश्चात कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने शीर्षासन एवं मयूरासन प्रस्तुत किया, वहीं नन्हीं बच्ची विराध्या वर्मा ने सेतुबंधासन का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुढ़ियारी के खेलन यादव ने बकासन तथा सेवानिवृत्त कर्मी मूल सजीवन शर्मा ने भी शीर्षासन प्रस्तुत किया।अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर डायटिशियन सुशिल्पी गोयल ने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार, पर्याप्त धूप, स्वच्छ हवा एवं शुद्ध जल के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की कार्यालय सहायक सुअनिता गेडाम तथा जनरेशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता एम.पी. नायक को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के.एस. मनोठिया, मुख्य अभियंता श्रीमती रश्मि वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी, डीजीएम पंकज सिंह, एसई पंकज चौधरी तथा एई रजनीश चौबे उपस्थित थे। मंच (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया।

# जगदलपुर में जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एआर राणा की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था हॉल में जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के जिला नोडल अधिकारियों ने उपस्थित होकर अपने-अपने विभागों के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए, जिसके बाद प्रशासन द्वारा तंबाकू नियंत्रण और नशा मुक्ति को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### नशा मुक्ति और कोटपा एक्ट के क्रियान्वयन पर जोर

बैठक में युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे तंबाकू नियंत्रण को लेकर हर सप्ताह नियमित रूप से चालानी कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम कसी जा सके। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के माहौल को सुरक्षित बनाने के लिए शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर निगम क्षेत्र के सभी विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में अनिवार्य रूप से रेड जोन लाइन का निर्माण करवाएं।

प्रशासन ने सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के सभी विभागों को आगामी 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस व्यापक स्तर पर मनाने और इसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में डीएसपी सुशांता लकड़ा तथा नारकोटिक्स विभाग से श्रीनिवास वर्मा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी और नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी-चाचा ससुर पर हमला, आरोपी बंदी

**जगदलपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



कांकेर, 20 जून। उत्तर बस्तर कांकेर जिले के सिकसोड़ थाना क्षेत्र में अवैध संबंध के शक में पत्नी व चाचा ससुर पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की टांगी भी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जून को पीड़िता अपने चाचा के घर ग्राम कस्तूरा पहुंची थी। वहां उसने परिजनों को बताया कि उसका पति सूरज लाल पोटाई उस पर अवैध संबंध होने का संदेह करता है और शराब के नशे में अक्सर मारपीट करता है। परिजनों ने अगले दिन गांव में बैठक कर मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया था।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जून को पीड़िता अपने चाचा के घर ग्राम कस्तूरा पहुंची थी। वहां उसने परिजनों को बताया कि उसका पति सूरज लाल पोटाई उस पर अवैध संबंध होने का संदेह करता है और शराब के नशे में अक्सर मारपीट करता है। परिजनों ने अगले दिन गांव में बैठक कर मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया था।

इसी बीच रात करीब 12.15 बजे आरोपी सूरज लाल पोटाई चाचा के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए अपनी पत्नी पर जान से मारने की नीयत से घर में रखी टांगी से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए उसके चाचा पनकू राम उइके पर भी आरोपी ने टांगी से वार कर घायल कर दिया, जिससे उनकी आंख के नीचे चोट आई।

पीड़िता की रिपोर्ट पर सिकसोड़ थाना में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी सूरज लाल पोटाई ग्राम कस्तूरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जनप्रतिनिधियों का घर पहुंच स्वास्थ्य परीक्षण, विधायक और पूर्व मंत्री ने कराई जांच



**कोंडागांव, (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के निवास पहुंचकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शनिवार सुबह अभियान के तहत विधायक लता उसेंडी, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान रक्तचाप, मधुमेह, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का उद्देश्य बस्तर संभाग के नागरिकों को उनके घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना है। जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अभियान से आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलेगी तथा समय पर जांच और उपचार की सुविधा प्राप्त होगी।

# बंदूक छोड़ थामा ई-रिक्शा का हैंडल, हुए आत्मनिर्भर

**सुकमा, (प्रतिदिन राजधानी)**

कभी घने जंगलों में बंदूक थामकर अशांति की राह पर चलने वाले तीन युवा पोडियाम राजू, मनीष लखमा और कलमू कोसा अब सुकमा की सड़कों पर विकास और बदलाव की नई कहानी लिख रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की 'नक्सल पुनर्वास नीति 2025' के तहत आत्मसमर्पण करने के बाद, इन युवाओं को जिला प्रशासन के द्वारा ई-रिक्शा प्रदान किया गया है। आज ये युवा सुकमा की सड़कों पर गर्व से ई-रिक्शा चलाकर न सिर्फ सवारी ढो रहे हैं, बल्कि अपने जीवन को एक नई और सम्मानजनक दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। शनिवार को खुद कलेक्टर अमित कुमार, एसपी किरण चव्हाण और डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह राजपुरोहित सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने इनके ई-रिक्शा में सफर कर इनका हौसला बढ़ाया। अफसरों का यह साथ इन युवाओं के चेहरों पर एक नई चमक और समाज में बराबरी का अहसास दे गया।

यह मानवीय और सकारात्मक बदलाव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व का जीवंत उदाहरण है। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने के



लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस नीति के तहत न केवल इन युवाओं को हथियार छोड़ने की प्रेरणा दी जा रही है, बल्कि उनके प्रशिक्षण से लेकर आत्म-निर्भर बनाने तक का पूरा प्रबंध शासन खुद कर रहा है। कभी समाज से कटे रहने वाले ये युवा आज शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं और अपने तथा अपने परिवार के सम्मानजनक भरण-पोषण के लिए पूरी तरह सक्षम हो चुके हैं।

प्रशासन के इस संवेदनशील प्रयास ने सुकमा में सुरक्षा और विकास का एक नया मॉडल पेश किया है।

जिला प्रशासन के द्वारा इन तीनों युवाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया और इनके लाइसेंस बनाने सम्बन्धी सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके पश्चात् तीनों युवाओं को जीविकोपार्जन हेतु निःशुल्क ई रिक्शा वाहन प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इन भटके हुए युवाओं के हाथों में हथियार की जगह आत्मनिर्भरता का साधन सौंपना यह साबित करता है कि सही नीति और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है। शासकीय योजनाओं से जुड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे ये तीन युवा अब जिले के अन्य भटके हुए युवाओं के लिए प्रेरणापुंज बन गए हैं, जो यह संदेश दे रहे हैं कि हिंसा के रास्ते में सिर्फ विनाश है, जबकि शांति और स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर ही असली मंजिल पाई जा सकती है।

# विद्यार्थियों के लिए वरदान है योग- प्राचार्य



**कोंडागांव, (प्रतिदिन राजधानी)**

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व स्थानीय चावड़ा स्कूल में एक विशेष योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य, सिस्टर सिसिलिया ने कहा, योग का अर्थ सिर्फ शरीर को मोड़ना या कठिन आसन करना नहीं है, बल्कि योग शब्द का वास्तविक अर्थ जोड़ना है। यह हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक-दूसरे से जोड़ता है।

उन्होंने आधुनिक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की भाग-दौड़ और तनाव के बीच योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे सरल मार्ग दिखाता है। नियमित योग से न केवल शरीर बीमारियों से दूर रहता है, बल्कि यह एकाग्रता और कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। विद्यार्थियों के लिए योग एक वरदान के समान है, जो उनके मस्तिष्क को शांत और तेज बनाता है। प्राचार्य ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आइए हम सब यह संकल्प लें कि योग को केवल एक दिन के उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी हमारा समाज और देश आगे बढ़ेगा। योगाभ्यास सत्र के दौरान बिहार के मुंगेर से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त योग शिक्षिका मोनिका पटेल ने छात्राओं को विभिन्न योग आसनों के अभ्यास कराए और उनकी बारीकियों को सहजता से समझाया। छात्राओं ने भी सभी प्राणायाम और आसनों को पूरी सजगता के साथ सीखा। इस अवसर पर पद्मश्री नायडू, पद्मा स्वामी सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### इन्डोर स्टेडियम में हजारों लोग करेंगे योग

**दंतेवाड़ा, (प्रतिदिन राजधानी)**

विश्व योग दिवस दिवस का 12वां संस्करण इंडोर स्टेडियम, दंतेवाड़ा में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। समारोह के व्यवस्थित संचालन हेतु मूलचन्द चोपड़ा, डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी एवं डॉ. जे.आर. नेताम जिला आयुष अधिकारी दंतेवाड़ा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा पुलिस विभाग को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व विभाग, कानून व्यवस्था,संपूर्ण तैयारी, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, नगर पालिका परिषद को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पीने के पानी एवं टैंकर की व्यवस्था, खाद्य विभाग को स्वल्पाहार की व्यवस्था कराने, लोक निर्माण विभाग मंच निर्माण, ग्रीनमेट, कारपेट, योगामेट, गद्दा, सफेद चादर आदि की व्यवस्था किए जाने, लोक निर्माण विभाग द्वारा साउंड सिस्टम, आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को विशेष अतिथियों के लिए ड्राईफूड एवं पीने का पानी व्यवस्था करने, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा, आयुष विभाग व्यवस्था करना,मेडिकल टीम, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा, अंकुरित आहार, काढ़ा, औषधि का वितरण का दायित्व सौंपा गया है।

# जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को लाभ

**दंतेवाड़ा, (प्रतिदिन राजधानी)**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत मेटापाल में तीन दिवसीय भव्य पंजीकरण एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए। विधायक द्वारा विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और उज्ज्वला योजना जैसी अनेक दूरदर्शी योजनाओं ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से इन योजनाओं की पूरी जानकारी लेकर अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने का आत्मीय आग्रह भी किया। तीन दिनों तक चले इस शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष पंजीयन अभियान चलाया गया, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को जोड़ने 15 से 20 पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, जबकि 16 नए पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड हेतु नया पंजीयन भी किया गया।

# विद्युत उपभोक्ता जागरूकता बैठक

**कोंडागांव, (प्रतिदिन राजधानी)**



विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण तथा विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से संभागीय कार्यालय, विद्युत विभाग कोंडागांव में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जगदलपुर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष श्री पी. आर. साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता इतरा खत्री, जूसफ़ केरकेट्टा विभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने सहभागिता की। अपने संबोधन में फोरम अध्यक्ष पी. आर. साहू ने उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, फोरम की भूमिका एवं अधिकार क्षेत्र के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, निम्न वोल्टेज, मीटर संबंधी समस्याएं, बिलिंग त्रुटियां, नए कनेक्शन, विद्युत विच्छेदन एवं पुनर्संयोजन में विलंब, सेवा मानकों के पालन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु फोरम प्रभावी मंच उपलब्ध कराता है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें तथा आवश्यक होने पर फोरम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं ने अपनी विभिन्न जिज्ञासाओं एवं समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान अधिकारियों एवं फोरम अध्यक्ष द्वारा किया गया।

# विधायक और महापौर ने पीएम आवास की चाबियां सौंपी

**दुर्ग, (प्रतिदिन राजधानी)**

दुर्ग, 21 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा मोतीलाल वोरा सभागार में 18 से 20 जून तक आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

शिविर के समापन अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, रंजीता पाटिल, ललिता ठाकुर,



उपायुक्त मोहेंद्र साहू, मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के हितग्राहियों को विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में आवास की चाबियां एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा तीन हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए। योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय शिविर में नगर निगम के विभिन्न विभागों, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम भिलाई तथा नगर निगम रिसाली सहित विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 112 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 63 आवेदनों को त्वरित कार्रवाई एवं निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है।

# पोटिया स्कूल में मंत्री गजेन्द्र ने किया संगीत कक्ष का लोकार्पण

**दुर्ग, (प्रतिदिन राजधानी)**



दुर्ग, 21 जून। प्रदेशभर में संचालित शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत दुर्ग के पोटिया स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किए तथा उन्हें नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री यादव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी रुचियों, सपनों और भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किये। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में नवस्थापित स्मार्ट क्लास एवं संगीत कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल और तकनीक आधारित शिक्षण सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन कर शिक्षकों से भी चर्चा की तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने विद्यालय में विकसित किए जा रहे प्रिंट रिच वातावरण, शिक्षण संसाधनों एवं अन्य सुविधाओं की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों से भी संवाद किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद हीरोंदी चंदानिया, सविता साहू, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित थे।

# आज हॉकी में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला होगा

## एफआईएच प्रो लीग में मुकाबला, पिछली भिड़ंत 2024 में हुई, अभी भारत 8वें और पाकिस्तान 9वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मेंस हॉकी टीम आज एफआईएच प्रो लीग के लंदन लेग के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से खेलेगी। मुकाबला लंदन के ली वेली हॉकी सेंटर में भारतीय टाइमिंग के हिसाब से शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों टीमें करीब दो साल बाद आमने-सामने हो रही हैं। इनकी पिछली भिड़ंत 2024 एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। तब भारत ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के 2 गोल की बदौलत 2-1 से जीत हासिल की थी।



### पॉइंट्स टेबल में भारत 8वें और पाकिस्तान 9वें स्थान पर

9 टीमों के पॉइंट्स टेबल में भारतीय टीम 8वें स्थान पर मौजूद है। वहीं, पाकिस्तान की टीम भारत से ठीक एक पायदान नीचे 9वें स्थान पर है और उसे अभी टूर्नामेंट में अपना पहला पॉइंट्स हासिल करना बाकी है। टूर्नामेंट के होम लेग में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था, जहां टीम 4 मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी थी और कुल 19 गोल खाए थे।

### तीन बार की चैंपियन नीदरलैंड को 3-2 से हराया

भारतीय टीम ने अपने रॉटरडैम में हुए पिछले लेग में 4 में से 2 मैच जीते थे। भारत ने वर्ल्ड नंबर-2 और तीन बार की चैंपियन नीदरलैंड को 3-2 से हराया। साथस ही भारतीय टीम ने जर्मनी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की थी। इस लेग में भारतीय टीम इन दोनों टीमों से 1-1 मैच हारी भी थी।

**मुश्किल दौर से गुजर रही पाकिस्तानी टीम :** लंदन लेग से पहले पाकिस्तान की टीम बेहद खराब दौर से गुजर रही है। टीम जर्मनी, नीदरलैंड्स, बेल्जियम और स्पेन के खिलाफ अपने सभी 12 प्रो लीग मैच हार चुकी है और उस पर टूर्नामेंट से बाहर (रेलीगेशन) होने का खतरा मंडरा रहा है।

**इस सीजन 13 स्टेज खेले जा रहे :** एफआईएच प्रो लीग का यह सातवां सीजन है। 2025-26 सीजन में कुल 13 स्टेजेस (लेग) खेले जा रहे हैं, जो 10 देशों में आयोजित किए जा रहे हैं। टूर्नामेंट 9 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ था और 28 जून 2026 तक चलेगा।

इस सीजन में मेंस और विमेंस कैटेगरी में 9-9 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम 16 मैच खेलती है और मुकाबले अलग-अलग स्टेज में खेले जाते हैं, जहां कई टीमें एक ही वेन्यू पर इकट्ठा होकर दो-दो मैच खेलती हैं। एफआईएच प्रो लीग में चैंपियन कैसे चुना जाता है? एफआईएच प्रो लीग में हर जीत पर 3 पॉइंट्स मिलते हैं। हारने वाली टीम को कोई अंक नहीं मिलता। ड्रॉ होने पर मैच शूटआउट में जाता है। शूटआउट जीतने वाली टीम को 2 और हारने वाली टीम को 1 अंक मिलता है। लीग स्टेज के अंत में पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर रहने वाली टीम को चैंपियन घोषित किया जाता है। इसके अलावा, 2025-26 सीजन की चैंपियन टीम को 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के लिए सीधा कोटा भी मिलेगा।

# आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 12 पदकों के साथ भारत की बढ़त मजबूत, प्रीतम केंद्रे ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** जर्मनी के सुहल में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रतियोगिता के दौरान भारत ने चार और पदक अपने नाम किए, जिससे कुल 12 पदकों के साथ भारत तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारत के प्रीतम केंद्रे ने पुरुष जूनियर 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार और संयमित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ भारत को प्रतियोगिता में अपना पांचवां स्वर्ण पदक मिला। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि महेंद्र भागवत, परिषा गुप्ता और निथिला आइवी डार्लिंग प्रवीण क्रिस्टोफर की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीतकर भारत की झोली में एक और सफलता डाली। पुरुष जूनियर 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अभिनव चौधरी, राज चंद्र और जतिन ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले महिला जूनियर 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अन्वी राठौड़ ने भी कांस्य पदक जीतकर भारत के अभियान को मजबूती दी। इन चार नए पदकों के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा अब 12 (5 स्वर्ण, 1 रजत और 6 कांस्य) तक पहुंच गया है। व्यक्तिगत और टीम दोनों वर्गों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय दल ने प्रतियोगिता में अपना



दबदबा कायम रखा है। आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों का यह प्रदर्शन देश की उभरती प्रतिभाओं और मजबूत प्रशिक्षण प्रणाली का संकेत माना जा रहा है।

# यूएस ओपन सुपर 300 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे लक्ष्य सेन और तन्वी शर्मा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन और युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा आज से अमेरिका के फुलर्टन में शुरू हो रहे यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के अभियान की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता में भारत के कई अनुभवी और युवा खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में चुनौती पेश करेंगे। पुरुष एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत बेल्जियम के जूलियन करागी के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य हाल ही में इंडोनेशिया ओपन में शुरुआती दौर में बाहर हो गए थे और अब वापसी की कोशिश करेंगे। प्रतियोगिता के दूसरे हिस्से में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लक्ष्य का उनके खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 5-4 का है। पूर्व विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पहले दौर में चीनी ताइपे के लियाओ झुओ-फू से भिड़ेंगे। वहीं सनीत दयानंद का मुकाबला जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो से होगा। एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ करेंगे। महिला एकल वर्ग में भारत के सात खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ में शामिल हैं। इनमें पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग प्रमुख हैं। 17 वर्षीय तन्वी शर्मा ने इसी महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली से खेलेंगी। इस सत्र में थाईलैंड मास्टर्स और अजरबैजान इंटरनेशनल जीत चुकी देविका सिहाग का मुकाबला पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार से होगा। अनमोल खरब का सामना बुल्गारिया की कालोयाना नलबांतोवा से होगा। रक्षिता श्री एस क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ उतरेंगी और दूसरे दौर में उनकी संभावित भिड़ंत शीर्ष वरीयता प्राप्त मिशेल ली से हो सकती है। श्रियांशी वालिशेट्टी कनाडा की रेचल चान से खेलेंगी, जबकि तान्या हेमंत जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त रिको गुनजी से मुकाबला करेंगी। आकांक्षा कश्यप का सामना चीनी ताइपे की तुंग सिओ-टोंग से होगा। महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की एकमात्र प्रतिनिधि होंगी। उनका पहला मुकाबला स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिगेज की जोड़ी से होगा।



# आईसीसी ने महिला क्रिकेटर्स के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी की गाइडलाइंस जारी कीं

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी की गाइडलाइंस जारी की हैं। ये गाइडलाइंस महिला क्रिकेटर्स, मेंबर बोर्ड और मेडिकल स्टाफ को एक व्यवस्थित ढांचा देती हैं, ताकि बच्चे के जन्म के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटने वाली खिलाड़ियों की मदद की जा सके। आईसीसी के बड़े '100 प्रतिशत क्रिकेट' पहल के हिस्से के तौर पर इन गाइडलाइंस का मकसद महिलाओं की सेहत से जुड़ी बातचीत को सामान्य बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि मां बनने और प्रोफेशनल क्रिकेट खेलने को एक-दूसरे के विरोधी के तौर पर न देखा जाए। इन गाइडलाइंस में छह चरणों वाला '6 आर' तरीका शामिल है- रेडी (तैयार होना), रिव्यू (समीक्षा), रिस्टोर (बहाली), रीकंडीशन (फिर से कंडीशनिंग), रिटर्न (वापसी) और रिफाइन (बेहतर बनाना)। इनमें रिकवरी, मेडिकल रिव्यू, धीरे-धीरे ट्रेनिंग, क्रिकेट-स्पेसिफिक कंडीशनिंग, प्रतियोगिता में वापसी और आगे की निगरानी शामिल है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अधिकतर महिला क्रिकेटर्स अपने करियर के दौरान परिवार शुरू करने और फिर सफलतापूर्वक मैदान पर अपनी जिम्मेदारियां संभालने के लिए लौटने का विकल्प चुन रही हैं। इन सुझावों में एक डेडिकेटेड केस मैनेजर- आमतौर पर डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट- की नियुक्ति



शामिल है, जो खिलाड़ी की प्रेग्नेंसी और उसके बाद मैदान पर वापसी के दौरान मुख्य संपर्क व्यक्ति के तौर पर काम करेगा। केस मैनेजर सपोर्ट सर्विस का समन्वय करने, समय-समय पर समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि सभी फैसले पूरी तरह से मां और बच्चे की भलाई पर केंद्रित हों। आईसीसी का डॉक्यूमेंट इस सफर के अहम पड़ावों पर खिलाड़ियों के मैनेजमेंट के लिए निरंतर मीटिंग की भी वकालत करता है। इनमें प्रेग्नेंसी की शुरुआती घोषणा, तीसरी तिमाही, बच्चे के जन्म के छह से आठ हफ्ते बाद, और खिलाड़ी के क्रिकेट माहौल में वापसी शुरू करने के बाद हर चार हफ्ते के अंतराल पर होने वाली मीटिंग्स शामिल हैं। पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, गाइडलाइंस में एक मल्टी-डिसिप्लिनरी सपोर्ट टीम की बात कही गई है, जिसमें मेडिकल स्टाफ, फिजियोथेरेपिस्ट, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच, साइकोलॉजिस्ट, डाइटीशियन, कोच और फैमिली सपोर्ट नेटवर्क शामिल हों। निजता और चिकित्सा संबंधी मामलों पर, ग्लोबल बॉडी ने कहा कि प्रेग्नेंसी की घोषणा करने का फैसला पूरी तरह से खिलाड़ी का होना चाहिए। सदस्य बोर्ड को प्रेग्नेंसी टेस्ट अनिवार्य नहीं करना चाहिए। हालांकि, आईसीसी गाइडलाइंस प्रेग्नेंसी के दौरान लगातार एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, लेकिन उसमें यह भी कहा गया है कि ट्रेनिंग और कॉम्पिटिशन के फैसले प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग-अलग होने चाहिए और चिकित्सा पेशेवरों की सलाह से लिए जाने चाहिए।

हालांकि, डॉक्यूमेंट यह सलाह देता है कि खिलाड़ी पहली तिमाही के बाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेना बंद कर दें। हालांकि, इस बात पर जोर दिया गया है कि कोई निश्चित प्रेग्नेंसी का समय तय नहीं है जिस पर हिस्सा लेना बंद करना जरूरी हो। ऐसे फैसले खिलाड़ी, उनके इलाज करने वाले डॉक्टर और संबंधित क्रिकेट बोर्ड के मेडिकल स्टाफ को मिलकर लेने होंगे।

# फीफा विश्व कप 2026 में गुलाबी जूतों का चलन बढ़ा

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेले जा रहे फीफा विश्व कप फुटबॉल में स्टार खिलाड़ी अपने अलग ही अंदाज में दिखते है। इस बार अधिकतर स्टार खिलाड़ी गुलाबी जूते पहनकर खेलते दिख रहे हैं। इस कारण विश्वकप कप में गुलाबी जूते पहने खिलाड़ी छाये हुए हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी उन्हें पसंद कर रहे हैं। अमेरिका के युवा फुटबॉलर जियो रेना ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ही गुलाबी जूतों में एक यादगार गोल दागकर अपना प्रभाव दिखाया है। वहीं ब्राजील के स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर भी अपने पहले ही मुकाबले में ध्यान खींचा, उनके पैरों में भी चमकीले गुलाबी पहनकर मैदान में छाये हुए थे। वहीं फ्रांस के स्टार खिलाड़ किलियान एमबाप्पे ने भी दो गोल दागने के दौरान गुलाबी जूते ही पहने थे। इसके अलावा इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने भी दो गोल लगाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और वह भी गुलाबी जूतों में ही नजर आये थे। मैदान गुलाबी जूते पहने खिलाड़ी दूर से ही अलग नजर आ जाते हैं। यही कारण है कि इस रंग के जूते पहने खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। यही वजह है कि कई बड़ी स्पोर्ट्स कंपनियों ने भी इनके विशेष डिजाइन तैयार किए हैं। नाइकी के ग्लोबल फुटवियर निदेशक, ओडिंगा निमाको के अनुसार, यह रंग सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं है, बल्कि खिलाड़ी इसे आत्मविश्वास, ऊर्जा और अपनी व्यक्तिगत पहचान के प्रतीक के रूप में देखते हैं। दर्शकों के बीच भी यह रंग तेजी से छा रहा है। साल 1998 के विश्व कप में पहली बार रंगीन फुटबॉल जूतों का चलन शुरु हुआ था। उससे पहले तक काले और सफेद रंग के जूते ही पहने जाते में थे।

# हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में भारतीय टीम को मिली छह विकेट से हार पर निराशा जतायी है। हरमनप्रीत ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि टीम ने जो कैच छोड़े उससे मुकाबला हाथ से निकल गया। भारतीय टीम की ये इस टूर्नामेंट में पहली हार है। इससे पहले उसने अपने दोनो मुकाबले जीते थे। कप्तान के अनुसार भारतीय टीम उसे मिले अवसरों का पूरा लाभ नहीं उठा पायी। हरमनप्रीत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मारिजाने केप को आउट करने के दो अच्छे अवसर हाथ से निकल गये थे। वहीं स्थानापन्न खिलाड़ी राधा यादव ने केप के दो आसान कैच छोड़े, जिसका केप ने पूरा लाभ उठाते हुए केवल 45 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की सहायता से नाबाद 81 रन बनाये। इससे दक्षिण अफ्रीका की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत



के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 19.1 ओवर में ही चार विकेट पर 161 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की है। इससे अंक तालिका में चार अंकों के साथ ही भारतीय टीम तीसरे स्थान पर खिसक गयी है। इससे पहले, भारतीय टीम ने दीप्ति शर्मा के 29 और कप्तान हरमनप्रीत के 24 रनों की सहायता से 20 ओवर में सात विकेट पर 158 रन बनाये थे। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 15 गेंदों में तेजी से 31 रन बनाये। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, "हमें अवसर मिले पर हम उनका लाभ नहीं उठा पाये। इसी कारण मैच हमारे हाथ से निकल गया। इस मैच में हम अच्छ क्षेत्ररक्षण नहीं कर पाये। उन्होंने हालांकि 24 रन देकर तीन विकेट लेने वाली स्पिनर स्पिनर श्री चरणी के प्रदर्शन की प्रशंसा की है।

# एक ही गलती दोहराने के कारण शतक नहीं लगा पा रहे वैभव

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पदार्पण के बाद से ही अपने शानदार प्रदर्शन से छाये हुए हैं पर लगातार एक गलती दोहराने के कारण अपना शतक पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब तक वह चार बर शतक के करीब आकर भी उसे बनाने में विफल रहे हैं। जिससे प्रशंसक भी निराश हैं। भारत ए टीम की ओर से श्रीलंका दौरे में भी वैभव ने यही गलती की है। इससे 94 रनों पर पहुंचने के बाद भी वह शतक नहीं लगा पाये। इसका कारण उनमें धैर्य की कमी को माना जा रहा है। वैभव अगले माह होने वाले इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए सीनियर टीम में शामिल किये गये हैं। ऐसे में प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह एक ही गलती अब नहीं करेंगे। वैभव ने हाल ही में श्रीलंका दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में केवल 29 गेंदों में ही 94 रनों की आतिशी पारी खेली थी जिससे सभी हैरान हो गये थे। इस आक्रामक पारी के बाद भी वैभव शतक के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये।

इससे एक बार फिर दिखा कि वह शतक के करीब जाकर गलती कर जाते हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ हुए उस फाइनल मुकाबले में वैभव ने पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 11 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। 64 रन तक पहुंचने तक वैभव ने एक भी सिंगल नहीं लिया, जो यह संकेत दे रहा था कि वह एक बड़े शतक की ओर बढ़ रहे हैं पर एक बार फिर इस बल्लेबाज ने वही पुरानी गलती दोहराई जिससे वह शतक से केवल 6 रन दूर रह गए।

## रेलवे समाचार

# रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा द्वारा रायपुर रेल मंडल का संरक्षा (सेफ्टी) निरीक्षण

## यात्रियों की संरक्षा अति महत्वपूर्ण-रेल परिचालन में उपयोगी संरक्षा पहलुओं की गहन जांच एवं चर्चा की



महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संरक्षा संबंधित कार्यों कि समीक्षा बैठक ली








**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक 22 जून 2026 को रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा द्वारा सेफ्टी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। हितेंद्र मल्होत्रा ने कोचिंग डिपो दुर्ग में यात्री गाड़ियों की मेंटेनेंस व्यवस्थाओं के सेफ्टी पहलुओं का निरीक्षण किया कोचिंग डिपो दुर्ग में ट्रेनों के शंटिंग की सावधानियां, फायर डिटेक्शन सिस्टम, की सभी प्रमुख लाइन स्टाफ को जानकारी। विभागीय संसाधनों से निर्मित फीबा टेस्ट स्टैंड जो ट्रेन के पार्ट्स की जांच करती है। फायर डिटेक्शन सिस्टम मॉडल की कार्यविधि, ट्रेन के कोचों की इंटरमीडिएट ओवरहालिंग शॉप शेड्यूल की जांच की। दुर्ग लॉबी में लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के ट्रेन परिचालन के संरक्षा नियमों पर चर्चा की एवं लॉबी की व्यवस्थाओं को देखा एवं क्रू मेंबर्स के प्रशिक्षण पर जोर दिया। डीएम ग्रिड भिलाई में एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) एवं एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन (एआरएमवी) एवं हैवी क्रेन के कार्य प्रणाली के डेमो का निरीक्षण किया। किसी भी दुर्घटना के समय एआरटी एवं एआर एमवी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। यात्री कोच एंड वैगन के व्हील सेट के उपयोग में आने वाली व्हील स्केट ट्रॉली टोइंग मशीन का शुभारंभ किया। भिलाई में इंजीनियरिंग स्टोर का निरीक्षण किया एवं स्क्रैप के डिस्पोजल पर जोर दिया तथा यांत्रिक उपयोग में आने वाले सभी सभी पार्ट्स, स्प्रिंग, पुर्जे सामान को संरक्षा गुणवत्ता जांच के पश्चात ही उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संरक्षा संबंधित कार्यों कि समीक्षा बैठक ली, बैठक में मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर दयानंद बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अनूप कुमार सतपथी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल एवं रायपुर रेल मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## Amazon.in पर लेगो® की सर्च में 50% की बढ़ोतरी, भारत में ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर 100 से अधिक नए सेट्स के साथ लॉन्च किया अब तक का सबसे बड़ा समर कलेक्शन

**बेंगलुरु।** Amazon.in ने लेगो सर्च में साल-दर-साल 50% के उछाल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्राइम मेंबर्स कर रहे हैं, जो कुल मांग में 85% का योगदान देते हैं। एडल्ट कलेक्टर्स, पॉप कल्चर के दीवानों और उपहार देने वालों का एक बढ़ता हुआ समुदाय जो इमर्सिव बिल्डिंग एक्सपीरियंस, क्रिएटिव आउटलेट्स और डिस्प्ले के लायक कलेक्टिबल्स की तलाश में हैं, वे Amazon.inपर लेगो की इस रफ़्तार को आगे बढ़ा रहे हैं। प्राइम डे 2026 से पहले, Amazon.in एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपने अब तक के सबसे बड़े लेगो समर कलेक्शन के साथ अपनी तैयारी को दोगुना कर रहा है। स्टार वॉर्स (डेथ स्टार) और मार्वल से लेकर हैरी पॉटर, फास्ट एंड फ्यूरियस स्पीड चैंपियंस और एक फुटबॉल सीजन कलेक्शन जैसी 30 से अधिक प्रतिष्ठित थीम्स में 100 से अधिक नए सेट्स अब उपलब्ध हैं।

**अमेजन इंडिया के डायरेक्टर** - होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमन लोहान ने कहा, ' Amazon.in पर लेगो वास्तव में एक क्रॉस-जेनरेशनल ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है। बच्चों और वयस्कों से लेकर कलेक्टर्स और पॉप कल्चर प्रेमियों तक, हमारे प्राइम मेंबर्स हर सेगमेंट में मांग को बढ़ा रहे हैं। आज का लेगो उत्साही सिलेक्शन की गहराई, यूनीक और एक्सक्लूसिव सेट्स को खोजने की क्षमता और सुरक्षित, भरोसेमंद व तेज डिलीवरी का भरोसा चाहता है। 5,000 से ऊपर के प्रीमियम सेट्स इस कैटेगरी में हमारे सबसे तेजी से बिकने वाले प्रोडक्ट्स में से हैं और टेक्निक, आइकन्स और स्पीड चैंपियंस जैसी थीम्स की मांग महानगरों से बाहर भी देखी जा रही है। हम देश में विभिन्न थीम्स और प्राइस पॉइंट्स पर सबसे व्यापक सिलेक्शन के साथ अपने कस्टमर एक्सपीरियंस को लगातार बेहतर बना रहे हैं।'

**द लेगो ग्रुप की कंट्री मैनेजर** - इंडिया, भावना मंडन ने कहा, 'भारत में लेगो प्रोडक्ट्स को मिला रिस्पॉन्स सभी आयु समूहों में हैंड्स-ऑन क्रिएटिविटी की बढ़ती अपील को दर्शाता है, जिसमें खेल-खेल में सीखने की खुशी तलाशने वाले बच्चों से लेकर माइंडफुल प्ले और कलेक्टिबल्स के जुनून को तलाशने वाले वयस्क शामिल हैं। जैसे-जैसे हम देश भर के फैंस के लिए लेगो के अनुभवों को खोजने और उनसे जुड़ने के तरीकों का विस्तार कर रहे हैं, Amazon.in जैसे पार्टनर्स ने हमें अधिक से अधिक बिल्डर्स तक पहुंचने में मदद करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेगो सेट्स को कलेक्ट करने, क्रिएट करने और उनके साथ आगे बढ़ने में बढ़ती रुचि के साथ, हम अधिक से अधिक भारतीयों को खेल की खुशी और निर्माण की अनंत संभावनाओं के करीब लाने के लिए उत्सुक हैं।'

## Samsung ने स्मार्ट एयर केयर और WindFree™ क्लाइमेट सॉल्यूशंस के साथ प्रीमियम रेजिडेंशियल कूलिंग को नया आयाम दिया

**नई दिल्ली।** Samsung ने आज अपने अगली पीढ़ी के रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस की घोषणा की, जो WindFree™ कूलिंग, PM1.0 एयर प्यूरिफिकेशन, SmartThings कनेक्टिविटी और AI-सक्षम VRF तकनीक को एक साथ जोड़कर भारत में प्रीमियम रहने के अनुभव को नया रूप दे रहे हैं। भारत के बड़े शहरों में बढ़ते तापमान और खराब होती वायु गुणवत्ता जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया Samsung का यह एकीकृत समाधान उपभोक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ इनडोर हवा, कनेक्टेड जीवनशैली और ऊर्जा दक्षता प्रदान करता है। यह तैनाती बड़े स्तर पर WindFree™ एयर कंडीशनिंग, PM1.0 प्यूरिफिकेशन, Wi-Fi आधारित SmartThings कनेक्टिविटी और AI-सक्षम VRF आउटडोर यूनिट्स के उपयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

Samsung India में SAC बिज़नेस के प्रमुख विपिन अग्रवाल ने कहा, 'Samsung में हमारा नवाचार हमेशा उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों और रोज़मर्रा की चुनौतियों को समझने से शुरू होता है। आज के घर खरीदार केवल कूलिंग नहीं चाहते, बल्कि बेहतर हवा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बुद्धिमान ऊर्जा प्रबंधन और अधिक आराम की भी अपेक्षा रखते हैं। हमारे WindFree™ क्लाइमेट सॉल्यूशंस इन सभी जरूरतों को एक ही इकोसिस्टम में पूरा करते हैं, जो Samsung की एक विशिष्ट पेशकश है।' 'सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली के द ऑर्चर्ड, गुरुग्राम के साथ हमारी साझेदारी इस सोच का एक मजबूत उदाहरण है। यहां हम दिखा रहे हैं कि बड़े स्तर की रेजिडेंशियल परियोजनाएं कैसे स्मार्ट, स्वास्थ्य-केंद्रित और ऊर्जा-कुशल क्लाइमेट तकनीकों को अपनाकर भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य वातावरण बना सकती हैं।' Samsung के रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस को आधुनिक शहरी परिवारों की प्रमुख चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। सामान्य एयर कंडीशनर कमरे का तापमान निर्धारित स्तर तक पहुंचने के बाद भी सीधे ठंडी हवा देते रहते हैं, जिससे असहजता महसूस हो सकती है। इसे अक्सर 'समर कोल्ड' कहा जाता है।

# 'इंडियाज गॉट नोवा' के साथ दिखेगा एआई+ का नया अंदाज, समय रैना और राजीव माखनी होंगे इसका हिस्सा, इंडस्ट्री का अनोखा ओपन रिव्यू प्रोग्राम भी रहेगा जारी

### नोवा सीरीज का विस्तार करते हुए, कंपनी ने पेश किए नोवा 2 नियो 5 जी और नोवा 2 प्रो 5 जी

**रायपुर।** एआई+स्मार्टफोन ने अपनी नोवा सीरीज का विस्तार करते हुए, नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी लॉन्च कर दिए हैं। इन नए स्मार्टफोन्स के साथ कंपनी भारतीय ग्राहकों के लिए भरोसेमंद, आसानी से उपलब्ध और दमदार परफॉर्मेंस वाला स्मार्टफोन अनुभव की पेशकश करने की अपनी कोशिश को और आगे बढ़ा रही है। नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी को अलग-अलग तरह के यूजर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालाँकि, दोनों फोन्स में डिजाइन, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पारदर्शिता की एक जैसी सोच देखने को मिलती है। इन स्मार्टफोन्स के जरिए कंपनी का उद्देश्य नोवा अनुभव को और ज्यादा लोगों तक पहुँचाना है। चाहे पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहक हों, समझदारी से खर्च करने वाले यूजर्स हों या फिर कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और बेहतर परफॉर्मेंस के लिए नया फोन तलाश रहे लोग, यह सीरीज सभी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। ट्रेडिशनल स्मार्टफोन लॉन्च से अलग हटकर एआई+ स्मार्टफोन्स ने इन डिवाइसेस को 'इंडियाज गॉट नोवा' के जरिए पेश किया। इस खास




लॉन्च फॉर्मेट को कॉमेडियन समय रैना और गैजेट गुरु राजीव माखनी ने होस्ट किया। कार्यक्रम में दर्शकों की भागीदारी, प्रोडक्ट डेमो, लाइव डिबेट्स और रियल-वर्ल्ड चैलेंजेस को शामिल किया गया, ताकि लोगों को डिवाइसेस के बारे में ज्यादा वास्तविक और यूजर-केंद्रित अनुभव मिल सके। यह लॉन्च एआई+ स्मार्टफोन्स के हाल ही में शुरू किए गए ओपन रिव्यू प्रोग्राम के बाद हुआ है। इस पहल के तहत रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, पत्रकारों और देशभर की टेक्नोलॉजी कम्युनिटी को स्मार्टफोन्स के बाजार में आने से पहले उन्हें इस्तेमाल करने, परखने और उनका रिव्यू करने का मौका दिया गया। इस प्रक्रिया में न कोई एम्बार्गो रखा गया, न कोई तय बातें बताई गईं और न ही किसी तरह की रिव्यू गाइडलाइन दी गई। कंपनी का मानना है कि भरोसा पारदर्शिता से बनता है और ग्राहकों की राय प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने में अहम् भूमिका निभाती है। इस लॉन्च पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा, 'स्मार्टफोन मार्केट तेजी से बदल रहा है और आज ग्राहक ऐसे डिवाइस चाहते हैं, जो उनकी अपनी जरूरतों, पसंद और लाइफस्टाइल के मुताबिक हों। अब हर किसी के लिए एक जैसा स्मार्टफोन अनुभव काम नहीं करता। इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए, नोवा सीरीज को तैयार किया गया है, जिसमें आकर्षक डिजाइन, भरोसेमंद परफॉर्मेंस, विश्वसनीय सॉफ्टवेयर और काम आने वाले इनोवेशन को एक साथ जोड़ा गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो के साथ हम नोवा सीरीज को और ज्यादा लोगों तक पहुँचा रहे हैं। इसमें पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले यूजर्स से लेकर बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश में अपग्रेड करने वाले ग्राहक तक शामिल हैं। हम चाहते थे कि लॉन्च का तरीका भी हमारी सोच को दर्शाए। इसलिए हमने कम्युनिटी को इसमें शामिल किया, लोगों से खुलकर फीडबैक लिया और लॉन्च के लिए ऐसा फॉर्मेट चुना, जहाँ बड़ी-बड़ी बातों के बजाए वास्तविक राय को अहमियत मिले।' ओपन रिव्यू प्रोग्राम को टेक्नोलॉजी कम्युनिटी से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इसमें सैकड़ों रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी के प्रति विशेष रुझान रखने वाले लोगों ने हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम से मिलने वाले सुझावों और फीडबैक को कंपनी आगे भी अपने प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने और ग्राहकों का भरोसा मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करती रहेगी।

#### नोवा 2 नियो: नोवा सीरीज में आसान और स्मार्ट शुरुआत

नोवा 2 नियो, नोवा सीरीज का सबसे किफायती स्मार्टफोन है। इसे खास तौर पर पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले यूजर्स और बजट का ध्यान रखने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे भी नोवा सीरीज के डिजाइन, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और विश्वसनीय सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकें।

# सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 199.75 करोड़ रू. के राइट्स इश्यू की घोषणा की


### 1,40,000 टीपीए क्षमता विस्तार, ऋण में कमी और सोलर प्रोजेक्ट को फंड करने का टार्गेट

**सूरत।** पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न, फुली ड्रॉन यार्न के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निर्माताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल 199.75 करोड़ रू.के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है। कंपनी राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि में से 49 करोड़ रू. गुजरात के सूरत में नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित अतिरिक्त 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन हेतु आवंटित करने का प्रस्ताव रखती है। इस परियोजना की कुल लागत 90 करोड़ रू. है, जिसमें शेष रू. 41 करोड़ आंतरिक संसाधनों से उपलब्ध कराए जाएंगे। वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में पुनः संचालन शुरू होने की अपेक्षा वाली यह सुविधा कंपनी के बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूत करेगी तथा उसके डाउनस्ट्रीम पॉलिएस्टर विनिर्माण परिचालनों को समर्थन प्रदान करेगी। रणनीतिक रूप से प्रस्तावित पूंजी आवंटन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, विनिर्माण क्षमता विस्तार, परिसंपत्ति एकीकरण, बैलेंस शीट को मजबूत बनाना तथा ऊर्जा सुरक्षा। सामूहिक रूप से ये पहल परिचालनिक मजबूती बढ़ाने, संसाधनों की




दक्षता में सुधार करने तथा कंपनी के दीर्घकालिक विकास मंच को सशक्त बनाने की अपेक्षा रखती हैं। नियोजित निवेशों का उद्देश्य सुमीत इंडस्ट्रीज की प्रतिस्पर्धी स्थिति को मजबूत करना तथा दीर्घकालिक टिकाऊ एवं लाभदायक विकास को समर्थन देना है। राइट्स इश्यू से जुटाई गई पूंजी सुमीत इंडस्ट्रीज के विकास के अगले चरण को समर्थन देगी। इसमें कार्यशील पूंजी को मजबूत करना, अधिग्रहित विनिर्माण परिसंपत्तियों का एकीकरण, ऋण में कमी के माध्यम से पूंजी संरचना में सुधार तथा कैप्टिव सोलर पावर सुविधा के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना शामिल है। इन पहलों से परिचालन दक्षता और विनिर्माण क्षमता में वृद्धि होने की अपेक्षा है। राइट्स इश्यू के बारे में बोलते हुए, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मेनेजिंग डिरेक्टर श्री प्रतीक आर. जाजू ने कहा, 'राइट्स इश्यू सुमीत इंडस्ट्रीज की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल स्टोन है और यह कंपनी की परिचालन एवं वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें अपने मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य के विकास में भागीदारी का अवसर प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। 199.75 करोड़ का प्रस्तावित फंड जुटाव हमारी प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकताओं को समर्थन देगा, जिनमें कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं, अधिग्रहित विनिर्माण परिसंपत्तियों का एकीकरण, ऋण में कमी तथा कैप्टिव सोलर पावर सुविधा में निवेश शामिल है। विशेष ध्यान नाकोडा लिमिटेड से हाल ही में अधिग्रहित पॉलिएस्टर चिप्स विनिर्माण सुविधा के संचालन पर रहेगा, जिससे बैकवर्ड इंटीग्रेशन मजबूत होगा और हमारी एकीकृत पॉलिएस्टर वैल्यू चेन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा है। यह अधिग्रहण हमारे डाउनस्ट्रीम पीओवाई और एफडीवाई परिचालनों को समर्थन देगा, परिचालनिक पैमाना बढ़ाएगा तथा भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। इस अधिग्रहण और इसके एकीकरण से प्राप्त होने वाले संभावित लाभों के आधार पर कंपनी को वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान कुल राजस्व में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि की अपेक्षा है, जबकि एबिटा मार्जिन 5.0 प्रतिशत से 6.0 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। अधिग्रहण के सफल एकीकरण के बाद वित्त वर्ष 2027-28 में कुल राजस्व लगभग दोगुना होने की संभावना है, जबकि एबिटा मार्जिन 5.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत तक सुधरने की अपेक्षा है। हम पॉलिएस्टर वैल्यू चेन में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूत बनाने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ 24 जून को खुलेगा प्राइस बैंड 107-113 रुपये प्रति शेयर




**नई दिल्ली।** ओडिशा स्थित सरकारी आईटी समाधान प्रदाता कंपनी सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 24 जून, 2026 को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए 29 जून तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 107-113 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेश के लिए एंकर निवेशक 23 जून को बोली लागा सकेंगे। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 10 रुपये फेस वैल्यू वाले इस इश्यू के लिए निवेशक कम से कम 132 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 132 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। यह आईपीओ पूरी तरह फ्रेश इश्यू है। कंपनी इस इश्यू के जरिए 1.29 करोड़ के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) हिस्सा नहीं है। इस आईपीओ से जुटाई गई पूरी धनराशि कंपनी के पास जाएगी, जिसका उपयोग कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक आईपीओ से जुटाई गई धनराशि में से 53 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने में खर्च किए जाएंगे। वहीं, 25.88 करोड़ रुपये कर्ज को चुकाने में लगाए जाएंगे। इसके अलावा कुछ राशि संभावित अधिग्रहण और अन्य कॉर्पोरेट आवश्यकताों के लिए रखी जाएगी। शेयरों का अलॉटमेंट 30 जून को होने की संभावना है। इसके शेयरों की लिस्टिंग 2 जुलाई को एनएसई और बीएसई संभावित है। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 1998 में बनी उन चुनिंदा आईटी सॉल्यूशंस कंपनियों में से एक है, जिन्होंने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के लिए अपनी तरह के अनोखे प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। यह कंपनी सरकारी टेक सॉल्यूशंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज देने में भी माहिर है।

# अमेजन ब्यूटीवर्स 2026 अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी उत्सव के रूप में हुआ संपन्न

**मुंबई।** प्राइम डे से ठीक पहले, अमेजन इंडिया ने अपने अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट 'अमेजन ब्यूटीवर्स' के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस भव्य आयोजन में 2,500 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें प्राइम मेंबर्स, 1500 से अधिक क्रिएटर्स, प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स और अनन्या पांडे, जैकलिन फर्नांडीस, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, मीरा कपूर, करिश्मा कपूर जैसी कई जानी-मानी मशहूर हस्तियां शामिल थीं। मुंबई के प्रतिष्ठित वर्ली सी लिंक पर एक शानदार लैंडमार्क प्रोजेक्शन के साथ शुरू हुए ब्यूटीवर्स 2026 ने ब्यूटी की बदलती दुनिया का जश्न मनाया। इस दौरान इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, एक्सपर्ट्स के सेशन, क्रिएटर्स द्वारा की गई कहानियों की प्रस्तुति और इंग्रीडिएंट-बेस्ड स्किनकेयर, प्रीमियम ब्यूटी और ग्लोबल ब्यूटी इनोवेशन से जुड़े ट्रेंड्स दिखाए गए। पहली बार, अमेजन ने इस अनुभव को Amazon.in पर एक समर्पित 'ब्यूटीवर्स स्टोरफ्रंट' के जरिए देश भर में पहुंचाया, जिससे भारत भर के लाखों ग्राहकों को लेटेस्ट ब्यूटी ट्रेंड्स, क्रिएटर्स के सुझावों और प्राइम डे ऑफर्स को खोजने, उनसे जुड़ने और खरीदारी करने का मौका मिला। ब्यूटी के सबसे बड़े डेस्टिनेशन के रूप में अमेजन ब्यूटी की स्थिति को और मजबूत करते हुए, ब्यूटीवर्स 2026 ने यह दिखाया कि कैसे टेक्नोलॉजी, कंटेंट, कम्युनिटी और कॉमर्स एक साथ मिलकर देश भर के ग्राहकों के लिए बड़े पैमाने पर ब्यूटी की खोज को नया रूप दे रहे हैं।

बॉलीवुड समाचार

## स्टार प्लस और अनिल कपूर दे रहे हैं टीवी पर आने का और 1 करोड़ रुपए जीतने का मौका

### शुरू हुए इंडिया के टॉप 1 परसेंट के रजिस्ट्रेशन...







**मुंबई।** देशभर में ऐसे लाखों लोग हैं, जो कभी न कभी टेलीविजन पर आने का सपना देखते हैं। अब यह सपना हकीकत में बदल सकता है, क्योंकि स्टार प्लस के आगामी रियलिटी शो इंडिया के टॉप 1 परसेंट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। अभिनेता अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए जा रहे इस शो में प्रतिभागियों को अपनी समझ, लॉजिक, ऑब्जर्वेशन और क्विक थिंकिंग के दम पर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि शो के विजेता के लिए 1 करोड़ रुपए की प्राइज मनी भी रखी गई है। शो में हिस्सा लेने के इच्छुक लोग दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके आवेदन कर सकते हैं। या फिर इस लिंक के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं: https://starplus.jiostar.com/indiaketoponepercent/। छात्र, प्रोफेशनल, होममेकर, उद्यमी या किसी भी क्षेत्र से जुड़े लोग इस प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में, जो लोग खुद को देश के सबसे तेज और होशियार दिमागों में गिनते हैं, उनके लिए इंडिया के टॉप 1 परसेंट राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का एक अनूठा अवसर लेकर आया है।

# 'मैं वापस आऊंगा' के वेदांग रैना बोले- हर सुबह सेट पर पगड़ी बांधना मेडिटेशन जैसा था

हिंदी फिल्म जगत के युवा अभिनेता वेदांग रैना ने कम समय में ही अपनी अलग पहचान बनाई है। जोया अख्तर की 'द आर्चीज' से डेब्यू और वासन बाला की 'जिगरा' जैसी फिल्म के बाद अब वह निर्देशक इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगा' में सबका दिल जीत रहे हैं। हुनरमंद वेदांग ने इस फिल्म में जहां दिल को छू लेने वाली एक्टिंग की है, वहीं एआर रहमान के संगीत से सजा एक गाना भी गाया है। जब 26 साल के वेदांग रैना से हमने पूछा कि 'मैं वापस आऊंगा' में दिखाई गई रूहानी प्रेम कहानी को, वो और आज की नई पीढ़ी कैसे देखती है, तो उन्होंने बड़ा दिलचस्प जवाब दिया। वेदांग ने कहा, 'हम भी कहीं न कहीं वैसी ही लव स्टोरी चाहते हैं, जैसी आप इस फिल्म में देखते हैं। मुझे लगता है कि हमारी जेनरेशन भी चाहती है कि ऐसा प्यार हमें भी काश, शायद मिल सकता।'



**वेदांग रैना बोले- आज की जेनरेशन को भी ऐसी ही प्रेम कहानियां पसंद :** दिल्ली में पैदा हुए और मुंबई में पले-बढ़ वेदांग रैना आगे कहते हैं, 'मुझे भी लगता है कि वह जो क्या जमाना था, जब लव लेटर लिखते थे, किसी को याद करते तो थे, पर फोन नहीं कर पाते थे और वो याद फिर याद ही रह जाती थी। लोग सोचते थे कि अब हम अगली बार कब मिलेंगे। ऐसी जो लव स्टोरी होती थी, वो काफी रोमांटिक और बहुत एक्साइटिंग होती थी। इसे देखने में मुझे भी काफी मजा आता है। मुझे लगता है कि मेरी जेनरेशन के लोगों को भी यह कहानी पसंद आएगी।'

**जिंदगी में एक बार मिलने वाला मौका :** 'द आर्चीज' और 'जिगरा' के बाद इम्तियाज अली जैसे डायरेक्टर के साथ काम करने का मौका मिला, अपने इस अनुभव पर बताते हैं, 'इम्तियाज सर के साथ काम करने का अनुभव जिंदगी में एक बार मिलने वाली जैसी चीज होती है। मुझे इस फिल्म में न सिर्फ इम्तियाज सर के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि नसीर सर (नसीरुद्दीन शाह) और रहमान सर (एआर रहमान) के साथ भी चांस मिला। ये लोग हमारी इंडस्ट्री के दिग्गज हैं। यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।'

**वेदांग बोले- मैं 'रॉकस्टार को अलग नजरिए से देखता हूं :** इम्तियाज अली की फिल्मों और उसके किरदारों से हम सभी को इश्क और रश्क है। जब वेदांग से पूछा गया कि उन्होंने डायरेक्ट की कौन सी फिल्म सबसे पहले देखी, तो उन्होंने तपाक से जवाब दिया, 'मैंने सबसे पहले 'जब वी मेट' देखी थी, जो सभी को पसंद आई थी। लेकिन अगर सबसे पसंदीदा कहानी की बात करूं तो उनकी 'रॉकस्टार' मेरी फेवरिट है। वह फिल्म जब मैंने देखी तो उसका म्यूजिक का माहौल मुझे बहुत पसंद आया। उस समय मैं भी म्यूजिक कर रहा था और एक रॉक्स्टार को 'नादान परिंदे' गाना गाते हुए स्क्रीन पर देख रहा था। मेरे लिए वह काफी एक्साइटिंग था। लेकिन अब जब मैं 'रॉकस्टार' देखता हूं तो मैं उसे बहुत ही अलग नजरिए से देखता हूं। आज मैं उसे और भी ज्यादा एंजॉय करता हूं।'

#### मैं वापस आऊंगा के लिए पगड़ी बांधना मेडिटेशन जैसा था

कश्मीरी परिवार से ताल्लुक रखने वाले वेदांग रैना ने इस फिल्म में पग बांधी है। फिल्म पंजाब की पृष्ठभूमि पर है। इस रोल के लिए चैलेंजेज का जिक्र होने पर वह कहते हैं, 'हर सुबह जब हम वैनिटी वैन में होते थे, वहां सिमरन पाजी आते थे। वह मेरे लिए पगड़ी बांधते थे। वह पल मेरे लिए मेडिटेशन जैसा होता था। यह एक्सपीरियंस मेरे लिए बहुत स्पेशल रहा, सिर्फ इस पगड़ी के लिए। इस दौरान मुझे यह भी एहसास हुआ कि पगड़ी बांधना एक किस्म की जिम्मेदारी भी है। मेरे लिए तैयारी वही थी कि मैंने खुद को इन्वेस्ट किया इन स्टोरीज में। उनकी कहानियां जानने में, जिन्होंने विभाजन के दौर को जिया है। हम पार्टिशन म्यूजियम भी गए थे, इसके बारे में पढ़ने और देखने के लिए। उससे मुझे यह एहसास हुआ कि उस समय लोग कैसे रहे होंगे, उन पर क्या बीती होगी।'

## मरीन ड्राइव, आईएसबीटी, ऑक्सीजोन और जल संरक्षण परियोजनाओं का लिया जायजा

# प्रदेश का सबसे मॉडल शहर बनेगा रायगढ़ : वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

**रायगढ़ (प्रतिदिन राजधानी)**



वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने सोमवार को रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मरीन ड्राइव, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी), एफसीआई ऑक्सीजोन, मिट्ठूमुड़ा तालाब, किसान राइस मिल ऑक्सीजोन तथा कयाघाट पुल सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थल पर पहुंचकर अवलोकन किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को प्रदेश के सबसे आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधासंपन्न शहर के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क, परिवहन, पर्यावरण, जल संरक्षण और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी ये परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद रायगढ़ विकास का नया मॉडल बनकर उभरेगा।

**नवंबर तक पूरा होगा मरीन ड्राइव**

प्रगति नगर स्थित निर्माणाधीन मरीन ड्राइव का निरीक्षण करते हुए वित्त मंत्री ने कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य बॉक्स कल्वर्ट एवं डायवर्सन निर्माण कार्य समय पर पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित एजेंसियों की सराहना की।उन्होंने कहा कि मरीन ड्राइव केवल यातायात सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि रायगढ़ की नई पहचान बनने जा रही है। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी, यातायात व्यवस्था सुगम होगी तथा नागरिकों को एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल भी मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को आगामी नवंबर तक परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**रायगढ़ को मिलेगा अत्याधुनिक बस टर्मिनल**

वित्त मंत्री ने निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह परियोजना आगामी चार दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड में एक साथ 30 बसों के संचालन की सुविधा होगी, जबकि अतिरिक्त 40 बसों के लिए भी पर्याप्त पार्किंग एवं स्थान आरक्षित रहेगा।

यात्रियों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय विकसित किया जा रहा है, जहां लगभग 550 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। वहीं बसों के रखरखाव और मरम्मत के लिए पृथक वर्कशॉप क्षेत्र भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बस टर्मिनल रायगढ़ को प्रदेश और देश के प्रमुख शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा तथा यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

**हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी नई मजबूती**

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने एफसीआई परिसर में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया। लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस हरित परिसर को उन्होंने रायगढ़ के पर्यावरणीय भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों की सुविधा के लिए ऑक्सीजोन में दो प्रवेश द्वार विकसित करने के निर्देश दिए। श्री चौधरी ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में ऐसे हरित क्षेत्रों का विकास समय की आवश्यकता है। यह परियोजना शहरवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में हुआ योगाभ्यास



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संकल्प सांस्कृतिक समिति की डायरेक्टर मनीषा शर्मा के निर्देशन में संकल्प नशा मुक्ति सह पुनर्वास केंद्र, ओडीआईसी, सीबीपीएलआई एवं एसएलसीए के सदस्यों तथा केंद्र के उपचारार्थियों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन, अनुलोम–विलोम, धनुरासन एवं योग मुद्रा सहित विभिन्न योगासन किए। योग सत्र का उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर मनीष अवस्थी ने विभिन्न योगासनों के माध्यम से रोग नियंत्रण एवं स्वास्थ्य लाभ संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचाव में सहायक होता है।

## रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने 35वीं बार किया रक्तदान

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रक्तदान करिए, करते रहिए, अच्छा लगता है : नंदकुमार चौबे



रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने 35वीं बार रक्तदान कर समाज के समक्ष मानवता और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री चौबे 19 साल की उम्र से रक्तदान कर रहे है और वर्ष 2 से 3 बार रक्तदान करते हैं खास बात यह है कि हर बार एक निश्चित तारीख को ब्लड बैंक जाकर रक्तदान कर देते है।

इस अवसर पर श्री चौबे ने कहा कि रक्तदान करिए, करते रहिए, बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी नियमित रक्तदान करने की अपील की ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनदायिनी सहायता मिल सके।

एसडीएम श्री चौबे निरंतर रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके इस 35वें रक्तदान को प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहा तथा इसे प्रेरणादायी पहल बताया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : विधानसभा सचिवालय में किया गया योग अभ्यास

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय परिसर में प्रातः 8.00 बजे से छत्तीसगढ़ विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा ''सामान्य योग का अभ्यास'' किया गया। सचिवालय में यह योग अभ्यास ''छत्तीसगढ़ योग आयोग'' के योग गुरू श्री लच्छू राम निषाद एवं सहयोगियों के द्वारा सम्पन्न हुआ।

''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेषित अपने संदेश में मान विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि–योग से शारीरिक तथा मानसिक दोनो तरह का व्यायाम होता है । योग ऐसा माध्यम है जिसे नियमित रूप से करने से अपने जीवन को सदैव निरोगी एवं स्वस्थ रखा जा सकता है,इसलिए हम सब मिलकर आज यह संकल्प लें कि हम प्रतिदिन योग कर अपने जीवन को सदैव निरोगी एवं स्वस्थ बनाये रखेंगे । उन्होंने यह भी कहा कि–योग एक प्राचीन जीवन–पद्धति है । योग प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नव–उर्जा का संचार करता है । इसलिए हम सबको आज मिलकर यह संकल्प करना चाहिए कि हम प्रतिदिन योग कर अपने जीवन को निरोगी बनाये रखें ।




**विज्ञापन एजेंसियां**

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर-1, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, मेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01269, 62642-74844

**माँ एड एजेंसी**
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, सदर बाजार, रायपुर
फोन- 2223699, 2539578, मो. 94252-11222

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान
फोन- 2224371, 2537569, मो. 94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
अवंति विहार एटीएम चौक रायपुर ( छ.ग. )
मो. 98271-62101, 93020-77741

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन- 4031319, मो- 98261-61116, 98267-08989

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार रायपुर
मो. 94252-04920, फोन- 2234944, 2582595

# योग थीम पर हजारों लोगों ने किया सामूहिक अभ्यास

## भागीदारों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

**बिलासपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बहतराई स्टेडियम में जिला स्तरीय विशाल सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग' रही। सुबह से ही स्टेडियम में लोगों का उत्साह देखने को मिला और हजारों नागरिकों ने एक साथ योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।



कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने भाग लेते हुए वृक्षासन, ताड़ासन, पवनमुक्तासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित कई योगासन किए। साथ ही कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का अभ्यास किया। ब्रह्माकुमारी संस्था की मंजू दीदी ने योग सत्र का संचालन किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने योग को केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन की स्थायी जीवनशैली बताया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त, ऊर्जावान और रोगों से दूर रखने में सहायक है। वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक शांति का भी प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्माकुमारी, गायत्री परिवार, पतंजलि योगपीठ और छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत उपस्थित लोगों को सामूहिक रूप से नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से योग, स्वस्थ जीवनशैली और नशामुक्त समाज का संदेश व्यापक रूप से लोगों तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक सुशांत शुक्ला, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुराने मकान की दीवारों से निकले 60 से ज्यादा कोबरा के बच्चे

**बिलासपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

नगोई क्षेत्र में एक पुराने मकान को तोड़ने के दौरान ऐसा दृश्य सामने आया जिसने मजदूरों और आसपास के लोगों को हैरान कर दिया। मकान की नींव और दीवारों के बीच बड़ी संख्या में सांपों के बच्चे दिखाई देने पर तोड़फोड़ का काम तत्काल रोक दिया गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मकान मालिक ने सर्प रेस्क्यू विशेषज्ञ बब्बू सोनी को सूचना दी। सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

रेस्क्यू के दौरान एक–एक कर 60 से अधिक कोबरा के बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। इतनी बड़ी संख्या में सांपों को देखकर स्थानीय लोग भी आश्चर्यचकित रह गए।



बब्बू सोनी ने बताया कि मकान काफी पुराना था और उसकी नींव तथा खाली जगहों में लंबे समय से सांपों का बसेरा था। पूरे अभियान के दौरान विशेष सुरक्षा उपाय अपनाए गए ताकि किसी व्यक्ति को नुकसान न पहुंचे।

कई घंटे तक चले इस अभियान में सभी सांपों को विशेष उपकरणों की मदद से सुरक्षित कंटेनरों में रखा गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखाई देने पर उन्हें मारने के बजाय प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना दें।

# धार्मिक आस्था के केंद्र हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ी हुई है-लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया

**रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी)**

रायगढ़ जिले के विकासखण्ड लैलूंगा अंतर्गत ग्राम भुईंयापानी में नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विधि–विधानपूर्वक पूजा–अर्चना, हवन, यज्ञ और प्राण–प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार ने की। उपस्थित सभी अतिथियों ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर प्रदेश एवं जिले की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि मंदिर केवल पूजा–अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि भुईंयापानी में शिव मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा, भगवान शिव त्याग, तपस्या और कल्याण के प्रतीक हैं। इस मंदिर के निर्माण और प्राण–प्रतिष्ठा से गांव में आध्यात्मिक चेतना का नया संचार होगा। आने वाली पीढ़ियां यहां से संस्कार, धर्म और संस्कृति की प्रेरणा प्राप्त करेंगी। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सद्भाव बढ़ाने का कार्य करते हैं।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी ग्रामीणों, मंदिर समिति और यजमान परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही ऐसे ऐतिहासिक कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की प्रार्थना की।

# लोक सेवा केन्द्र अब बनेंगे सेवा-सेतु केन्द्र , 442 डिजिटल सेवाएं होंगी उपलब्ध

**रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रदेश में डिजिटल सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए राज्य शासन ने लोक सेवा केन्द्रों को नया स्वरूप देने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी लोक सेवा केन्द्र 'सेवा–सेतु केन्द्र' के नाम से संचालित होंगे। इन केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को पहले की अपेक्षा अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। शासन का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सेवा–सेतु केन्द्रों के माध्यम से पूर्व में उपलब्ध 73 सेवाओं की संख्या बढ़ाकर अब 442 कर दी गई है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही केन्द्र के माध्यम से मिल सकेगा। शासन का मानना है कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार से आम लोगों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी तथा सरकारी योजनाओं और सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक आसान बनेगी। सभी केन्द्रों में एक जैसी पहचान और नई व्यवस्था लागू होगी प्रदेश के सभी सेवा–सेतु केन्द्रों में एक समान पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए केन्द्रों के मुख्य द्वार पर सेवा–सेतु केन्द्र नाम की नई नाम पट्टिका लगाई जाएगी तथा शासन द्वारा जारी अधिकृत लोगो का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही पोर्टल, पावती रसीदों और आधिकारिक पत्राचार में अब लोक सेवा केन्द्र के स्थान पर सेवा–सेतु केन्द्र शब्द का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाएगा। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सेवा–सेतु पोर्टल के संचालन हेतु अधिकृत सेवा प्रदाताओं को अब सेवा–सेतु प्रबंधक के नाम से जाना जाएगा।




## डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में राज्य शासन का बड़ा फैसला

### जन-जागरूकता अभियान चलाकर दी जाएगी जानकारी

राज्य शासन ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि विस्तारित डिजिटल सेवाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के साथ-साथ जिला स्तरीय वेबसाइटों और अन्य माध्यमों का उपयोग भी किया जाएगा। इस कार्य के लिए जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी (डीईजीएस) निधि का उपयोग निर्धारित नियमों के तहत किया जा सकेगा। शासन ने सभी जिलों से सेवा-सेतु केन्द्रों के परिवर्तित स्वरूप की जानकारी एवं फोटोग्राफ सहित प्रतिवेदन 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि की राशि जारी, लुण्ड्रा में किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

**अंबिकापुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

लुण्ड्रा,20 जून। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में सहायता राशि जारी किए जाने के अवसर पर कृषि विभाग लुण्ड्रा एवं सहकारी समिति ससौली द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित किए जाने का सीधा प्रसारण दिखाया गया। उपस्थित किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और योजना के महत्व तथा किसानों को मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ ही खेती–किसानी की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सहकारी समिति ससौली के प्रतिनिधियों एवं समिति प्रबंधक सत्यम गुप्ता ने किसानों को कृषि ऋण, उर्वरक वितरण तथा सहकारी समितियों समिति प्रबंधक ज्ञान गुप्ता ने किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी बिबियाना मिंज सहित कृषि विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, कृषि विभाग के सभापति प्रदीप प्रेमी, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री राजीव कश्यप, सहकारी समिति के पदाधिकारी तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# गुरुकुल पैरामेडिकल मामला: युवा कांग्रेस का अल्टीमेटम, 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन

**सूरजपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

गुरुकुल पैरामेडिकल संस्थान के संचालक और प्राचार्य पर विद्यार्थियों के साथ धोखाधड़ी और फर्जी संस्था संचालन के आरोपों का मामला अब गरमाता जा रहा है। मामले में पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर युवा कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है।

प्रेमनगर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े ने सूरजपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस छात्रों के समर्थन में उग्र आंदोलन करेगी।

परमेश्वर राजवाड़े ने बताया कि 11 जून को गुरुकुल पैरामेडिकल की छात्राओं ने संस्थान के संचालक और प्राचार्य के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक न तो कोई अपराध दर्ज किया गया है और न ही पीड़ित छात्राओं के बयान लिए गए हैं। उन्होंने इसे पुलिस की निष्क्रियता बताते हुए कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कार्रवाई नहीं होने से संस्थान संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार फोन के माध्यम से पीड़ित छात्राओं पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

# हाथी के हमले से बाल-बाल बचा ग्रामीण, बाइक को किया चकनाचूर

**उदयपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

वन परिक्षेत्र उदयपुर हसदेव क्षेत्र अंतर्गत केते एक्सटेंशन के घने राज माडा जंगल में शनिवार सुबह एक दंतैल हाथी के हमले से एक ग्रामीण बाल–बाल बच गया। हाथी ने ग्रामीण पर हमला करने के लिए दौड़ लगा दी, लेकिन समय रहते भाग जाने से उसकी जान बच गई। इस दौरान हाथी ने ग्रामीण की बाइक को कुचलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र का एक ग्रामीण सुबह करीब 8 बजे अपनी बाइक से जंगल में लकड़ी लेने गया था। वह जंगल के भीतर लकड़ी काट रहा था, तभी अचानक एक दंतैल हाथी वहां पहुंच गया। हाथी को देखते ही ग्रामीण घबरा गया और जान बचाने के लिए दौड़ पड़ा। हाथी भी उसके पीछे दौड़ा, लेकिन दोनों के बीच बाइक आ जाने से ग्रामीण को भागने का मौका मिल गया। ग्रामीण के सुरक्षित दूरी पर पहुंच जाने के बाद हाथी ने आक्रोश में आकर उसकी बाइक पर हमला कर दिया। हाथी ने बाइक को पैरों से कुचल दिया, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि परोगिया–राज माडा जंगल क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। घने जंगलों से घिरे इस इलाके में अक्सर हाथियों की मौजूदगी देखी जाती है, जिससे आसपास के गांवों के लोगों में दहशत का माहौल रहता है।



वन विभाग ने ग्रामीणों से हाथियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा अकेले जंगल में न जाने की अपील की है। ग्रामीण की सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है।

# सड़क निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण

**रामानुजगंज,(प्रतिदिन राजधानी)**

अंबिकापुर,20 जून। सरगुजा जिला में निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक प्रबोध मिंज ने नावापारा से कुन्नी तक बन रही लगभग 13 किलोमीटर लंबी सड़क का औचक निरीक्षण किया। करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस महत्वपूर्ण सड़क के निरीक्षण के दौरान विधायक को निर्माण कार्य में कई खामियां दिखाई दीं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को जमकर फटकार लगाई।



निरीक्षण के दौरान विधायक प्रबोध मिंज ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, निर्माण की गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों का मौके पर ही जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के सामने सड़क के उन हिस्सों को भी दिखाया जहां निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन प्रतीत हो रहा था। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाए। जहां–जहां खामियां पाई गई हैं, वहां तत्काल सुधार कार्य शुरू किया जाए ताकि भविष्य में सड़क की गुणवत्ता और मजबूती पर कोई प्रश्नचिह्न न लगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी नियमित निगरानी रखने और निर्माण कार्य की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क के निर्माण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होगा, जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी।

साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य में मिली कमियों को शीघ्र दूर किया जाएगा तथा आगे सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाएंगे। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

क्षेत्रवासियों ने भी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने और गुणवत्ता को लेकर गंभीरता दिखाने पर विधायक प्रबोध मिंज की पहल की सराहना की है। उनका मानना है कि बेहतर गुणवत्ता वाली सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ प्राप्त होगा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी सड़कों पर उतरे, 15 किमी पैदल चलकर पहुंचे कलेक्टोरेट

**अंबिकापुर (प्रतिदिन राजधानी)**

अंबिकापुर,20 जून। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित घंघरी स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं से नाराज विद्यार्थियों का आक्रोश शनिवार को खुलकर सामने आया। विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्कूल परिसर से पैदल मार्च करते हुए करीब 15 किलोमीटर दूर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। विद्यार्थियों के प्रदर्शन से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।



प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन ने हाल ही में 10 से 12 पुराने एवं अनुभवी शिक्षकों को हटा दिया है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों ने इन शिक्षकों को पुनः विद्यालय में नियुक्त करने की मांग की। उनका कहना था कि लंबे समय से पढ़ा रहे शिक्षकों को हटाए जाने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्राचार्य पर मनमानी और तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि विद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने हॉस्टल की भोजन व्यवस्था को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। विद्यार्थियों ने बताया कि जब कोई वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है, तब उन्हें अच्छा और गुणवत्तायुक्त भोजन परोसा जाता है, लेकिन सामान्य दिनों में भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब रहती है। विद्यार्थियों का आरोप है कि कई बार उन्हें कीड़े लगे चावल और निम्नस्तरीय भोजन दिया जाता है, जिससे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी, कोचिंग व्यवस्था में अनियमितता, बाल कटिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही का मुद्दा भी उठाया। विद्यार्थियों का कहना है कि नियमित रूप से बाल कटिंग की व्यवस्था नहीं की जाती, जबकि इसके लिए संबंधित एजेंसियों को भुगतान किया जाता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के सामने विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं आदिवासी विकास सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला ने विद्यार्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को हटाने के मामले, प्राचार्य के खिलाफ लगाए गए।

# श्रीलंका में डेंगू का तांडव : 24 घंटे में मिले एक हजार से ज्यादा संक्रमित, स्वास्थ्य मंत्रालय के पास कचरे के ढेर से बढ़ा खतरा

- मौत का आंकड़ा पहुंचा 28 के पार
- कचरे के ढेर बने मच्छरों का ठिकाना
- अस्पतालों में भर्ती मरीजों पर संकट

**कोलंबो।** पड़ोसी देश श्रीलंका में डेंगू ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महज 24 घंटों के भीतर देश में डेंगू के 1,069 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इस उछाल के साथ ही इस वर्ष कुल संक्रमितों की संख्या 47,179 तक पहुंच गई है, जबकि अब तक 28 लोग इस जानलेवा बीमारी के कारण दम तोड़ चुके हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा प्रबंधन और जलभराव पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

### सामान्य से चार गुना बढ़ी संक्रमण की रफ्तार

नेशनल डेंगू कंट्रोल यूनिट (NDCU) के कार्यवाहक निदेशक डॉ. कपिला कन्नंगारा ने चौंकाने वाले आंकड़े पेश करते हुए बताया कि महामारी न होने की स्थिति में श्रीलंका में आमतौर पर रोजाना 150 से 200 मामले ही सामने आते थे। हालांकि, वर्तमान में यह स्थिति 'हाई-रिस्क' जोन में पहुंच चुकी है, जहां रोजाना संक्रमण के मामले औसतन 600 से 650 के बीच दर्ज किए जा रहे हैं।



पिछले 24 घंटों के आंकड़ों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि संक्रमण की यह दर सामान्य दिनों के मुकाबले करीब चार गुना अधिक है।

### मंत्रालय की नाक के नीचे पनप रही महामारी

हैरानी की बात यह है कि संक्रमण का सबसे बड़ा खतरा खुद स्वास्थ्य मंत्रालय के आसपास मंडरा रहा है। डॉक्टर्स ट्रेड यूनियन अलायंस फॉर मेडिकल एंड सिविल राइट्स के चेयरमैन डॉ. चमल संजीव ने आगाह किया है कि मंत्रालय से महज 50 मीटर के दायरे में कचरे के अंबार लगे हुए हैं। नॉरिस कैनाल रोड और आसपास के इलाकों में जमा यह गंदगी मच्छरों के लिए 'ब्रीडिंग ग्राउंड' बन गई है। डॉ. संजीव के मुताबिक, सड़कों और रास्तों पर भारी मात्रा में फेंका गया कचरा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे रिहायशी संपत्तियां और बड़े होटल भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

### अस्पतालों में भर्ती मरीजों पर मंडराया बड़ा संकट

डॉ. संजीव ने तकनीकी चेतावनी देते हुए कहा कि कचरे में फेंके गए संतरे के छिलकों और अन्य सामग्रियों में बारिश का पानी जमा हो रहा है, जो मच्छरों के पनपने के लिए सबसे अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर रहा है। उन्होंने अंदेशा जताया कि यह गंदगी पास ही स्थित नेशनल हॉस्पिटल ऑफ श्रीलंका और कई निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों के लिए नया खतरा पैदा कर सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नेशनल हॉस्पिटल के डिप्टी डायरेक्टर जनरल और कोलंबो म्युनिसिपल काउंसिल से अपील की गई है कि वे कचरा हटाने के लिए तत्काल युद्धस्तर पर कदम उठाएं।



## संसदीय गरिमा : राजस्थान से पुनः निर्वाचित सदस्य नीरज डांगी ने ली शपथ, सभापति राधाकृष्णन ने दिलाई सदस्यता

### हिंदी में ली शपथ, दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने संसद भवन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले पुनः निर्वाचित सदस्य नीरज डांगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। डांगी ने हिंदी भाषा में शपथ ग्रहण कर सदन की सदस्यता पुनः सुनिश्चित की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, सदन के नेता और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सहित राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश और महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित रहे। सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुए इस औपचारिक कार्यक्रम के दौरान डांगी को सदन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## डिजिटल क्रांति का नया कीर्तिमान : 5 माह में 3.1 करोड़ लोगों ने अपनाया आधार ऐप, घर बैठे सेवाओं का उठा रहे लाभ

### मोबाइल और पता अपडेट करना हुआ आसान

**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नए आधार ऐप ने लॉन्चिंग के महज पांच महीनों के भीतर 31 मिलियन (3.1 करोड़) डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के इस ऐप के प्रति बढ़ता रुझान जनता की डिजिटल सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता और भरोसे को दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक लगभग 40 लाख लोग घर बैठे अपना मोबाइल नंबर और 8.5 लाख लोग अपना पता अपडेट कर चुके हैं। गौरतलब है कि बायोमेट्रिक लॉक, फेस ऑथेंटिकेशन और क्यूआर कोड जैसी सुविधाओं से लैस यह ऐप होटल चेक-इन और अस्पताल में भर्ती जैसी प्रक्रियाओं को भी सुगम बना रहा है।

## त्वरित न्याय की मिसाल : दिल्ली मेट्रो के 178 लंबित श्रम मामलों की एक साथ सुनवाई, आयुक्त ने कसी कमर

### श्रमिकों के दावों का होगा समयबद्ध निस्तारण

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए 31 अगस्त तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत बड़ी पहल की है। क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) से जुड़े 178 दावा मामलों की एक ही दिन केंद्रित सुनवाई करने का निर्णय लिया है। वेतन संहिता-2019 के अंतर्गत 24 जून को होने वाली इस अभूतपूर्व सुनवाई के लिए सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि क्लस्टर-आधारित इस नई कार्यप्रणाली से श्रमिकों को वर्षों पुराने मामलों में त्वरित राहत मिलेगी। डीएमआरसी के अपर महाप्रबंधक (परियोजनाएं) ने भी इस नवाचारी कदम को श्रम न्याय प्रणाली के लिए मील का पत्थर बताते हुए विभाग को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया है।

## श्रीनगर में जुटेगी सात राज्यों की पंचायतें, उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा करेंगे महा-कार्यशाला का आगाज

**श्रीनगर।** पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 23 जून को 'सेवा से समृद्धि' श्रृंखला के तहत एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

गौरतलब है कि इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और झारखंड समेत सात राज्यों के निर्वाचित प्रतिनिधि और अधिकारी शिरकत करेंगे।

# मंगोलिया में जयशंकर की बड़ी कूटनीतिक पहल: खनन, ऊर्जा और सुरक्षा पर बनी नई रणनीति, अब दक्षिण कोरिया पर नजर



**उलानबाटार।** अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण में विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबाटर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने समकक्ष बैटसेटसेग बैटमुंख के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण में नए अवसरों को लेकर चर्चा हुई। मंगोलिया दौरे के बाद जयशंकर दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे और जेजू फोरम को संबोधित करेंगे।

### खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि पर भी चर्चा

दोनों नेताओं ने खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में नए अवसरों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा, 'एक तीसरे पड़ोसी और आध्यात्मिक साझेदार के रूप में भारत, मंगोलिया के साथ अपने करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।'इससे पहले, मंगोलिया पहुंचने पर राज्य सचिव मुंकतुशिग इल्खानाजाव ने विदेश मंत्री के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### अब दक्षिण कोरिया दौरे पर रहेंगी नजरें

मंगोलिया से जयशंकर अपनी दो-दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया जाएंगे। जहां सियोल में वह अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ह्यून के साथ बातचीत करेंगे। वह गुरुवार को जेजू शांति और समृद्धि मंच में मुख्य संबोधन भी देंगे। बता दें कि जेजू फोरम दुनिया के मौजूदा अहम मुद्दों पर चर्चा का एक प्रमुख मंच है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के नेता और विशेषज्ञ हिस्सा लेते हैं।

### एशियाई साझेदारों के साथ रिश्ते मजबूत करने पर फोकस

विदेश मंत्री की यह यात्रा क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को बढ़ावा देने के बीच एशिया के प्रमुख साझेदार देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### भारत-मंगोलिया रिश्तों की गर्मजोशी पर जोर

विदेश मंत्री ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा उन्हें बत्मंख से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत में हमारी रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाएं साफ दिखाई दीं। हमने विकास परियोजनाओं, कौशल विकास, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।

# वैश्विक व्यापार की नई चुनौतियां : निर्यात पर पर्यावरण नियमों के खतरे को लेकर दिल्ली में महामंथन, भारत तैयार करेगा जवाबी रणनीति




- निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर जोर
- वैश्विक विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पर्यावरण और जलवायु संबंधी कड़े होते व्यापार नियमों के बीच भारत ने अपनी निर्यात क्षमता को सुरक्षित रखने के लिए कमर कस ली है। राजधानी स्थित भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के नालंदा हॉल में सोमवार को 'पर्यावरण संबंधी गैर-टैरिफ उपायः विश्व व्यापार नियम और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर प्रभाव' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आगाज हुआ। वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में देश-दुनिया के दिग्गज विशेषज्ञों ने इस बात पर चिंता जताई कि कैसे उभरते हुए पर्यावरणीय मानक भारतीय निर्यात की राह में रोड़ा बन सकते हैं।

### विशेषज्ञों ने सुझाई जवाबी रणनीति

इस महामंथन में डब्ल्यूटीओ जिनेवा के टीबीटी अनुभाग प्रमुख एरिक विज्कस्ट्रॉम और टीबीटी समिति के पूर्व अध्यक्ष अनवर शेख जैसे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने तकनीकी बारीकियों को साझा किया। चर्चा के दौरान कार्बन टैक्स और स्थिरता से जुड़े गैर-टैरिफ उपायों (एनटीएम) पर विस्तार से बात हुई। वाणिज्य विभाग की उप सचिव ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हितधारकों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएबीसीबी के पूर्व सीईओ अनिल जौहरी और व्यापार नीति विशेषज्ञ प्रणव कुमार सहित कई दिग्गजों ने बाजार पहुंच की सुरक्षा और टिकाऊ व्यापार कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। यह कार्यशाला 23 जून को एक विशेष समापन सत्र के साथ संपन्न होगी, जिसमें भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाएगा।

### निर्यात पर मंडराते खतरों की पड़ताल

गौरतलब है कि विकसित देशों द्वारा कार्बन उत्सर्जन और वनों की कटाई जैसे मुद्दों को आधार बनाकर नए व्यापारिक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। चिंतन शिविर के पहले दिन वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव उज्ज्वल कुमार घोष ने विशेष संबोधन देते हुए स्पष्ट किया कि सतत विकास से जुड़े व्यापार उपायों और बदलते वैश्विक नियामक ढांचों से निपटने के लिए भारत को अपनी तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करना होगा। इस दौरान विशेषज्ञों ने आगाह किया कि यदि समय रहते रणनीतिक कदम नहीं उठाए गए, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच प्रभावित हो सकती है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इन चुनौतियों को समझना और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के ढांचे के भीतर रहकर प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करना है।

## सुरक्षा का नया अभेद्य किला :

# दिल्ली में सीआईएसएफ के अत्याधुनिक मुख्यालय की नींव, 136 करोड़ की परियोजनाओं से बढ़ेगी ताकत

- गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने किया शिलान्यास
- पहली महिला बटालियन और ड्रोन सेंटर को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को अब नया और अत्याधुनिक प्रशासनिक आधार मिलने जा रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। लगभग 136.03 करोड़ रुपये की लागत वाली इन विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्देश्य बल की परिचालन और रणनीतिक क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करना है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी निदेशक तपन कुमार डेका और सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नौ मंजिला भवन

सीपीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 75.78 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा यह नया मुख्यालय भवन नौ मंजिला होगा। यह न केवल बल के प्रशासनिक कार्यों का केंद्र बनेगा, बल्कि यहाँ से देश भर में फैली सीआईएसएफ की इकाइयों की रणनीतिक निगरानी भी की जा सकेगी। अत्याधुनिक भवन में महानिदेशक कार्यालय के साथ-साथ हाई-टेक कंट्रोल रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी और जिम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गौरतलब है कि यह भवन बल की बढ़ती जरूरतों और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

### हैदराबाद और तमिलनाडु में भी सुविधाओं का विस्तार

गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने मुख्यालय के साथ-साथ तीन अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। इनमें हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (एनआईएसए) में 34.22 करोड़ की लागत से बना अधीनस्थ अधिकारियों का मेस 'आदित्य' और 20.53 करोड़ की लागत वाला उन्नत प्रशिक्षण भवन 'अभ्यास' शामिल है। इसके अलावा, तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में चौथी रिजर्व बटालियन के लिए 5.50 करोड़ रुपये की लागत से बने क्वार्टर भी राष्ट्र को समर्पित किए गए। इन परियोजनाओं से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।



# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने किया पद से इस्तीफा देने का ऐलान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। उनका पर इसका भारी दबाच था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब उन्होंने पार्टी की कमान संभाली थी, तब वह राजनीतिक, आर्थिक और नैतिक रूप से कमजोर स्थिति में थी। उन्हें कई बार कहा गया कि पार्टी खत्म हो चुकी है, लेकिन उन्होंने इन धारणाओं को गलत साबित किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हैं।

स्टार्मर ने अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी में बड़े बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैने पार्टी से यहूदी-विरोधी तत्वों को खत्म किया और अर्थव्यवस्था, रक्षा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर देश का भरोसा बहाल किया। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरे हर फैसले का मकसद देश के हित को पहले स्थान पर रखना था। अब मैं लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे रहे हूं और यह निर्णय पूरी गरिमा के साथ स्वीकार कर रहा हूं।

ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम को अगले प्रधानमंत्री के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। संसदीय सीट जीतने के बाद अपने विजय भाषण में उन्होंने देश के लिए एक नए रास्ते का वादा किया, हालांकि उन्होंने औपचारिक रूप से स्टार्मर को चुनौती नहीं दी।

हाल ही में बर्नहैम ने संसदीय चुनाव में जीत दर्ज की है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने भी नेतृत्व की दौड़ में शामिल होने की इच्छा जताई है।

# यूक्रेन के सूमी शहर में रूसी ड्रोन का हमला; एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, दो घायल

**कीव।** पूर्वोत्तर यूक्रेन के सूमी शहर पर रूसी ड्रोन हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। जिनमें एक 13 वर्षीय लड़का और उसके पिता शामिल थे। वहीं, दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक क्षेत्रीय अधिकारी ने सोमवार को दी।

### अबतक 16,000 से अधिक नागरिक मारे

रूस ने चार साल से भी पहले अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू करने के बाद से ड्रोन और मिसाइलों से यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी की है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार युद्ध में 16,000 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। अमेरिका के नेतृत्व में किए गए शांति प्रयासों से लड़ाई रोकने में सफलता नहीं मिली है।

क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव के अनुसार, सूमी हमले में एक घर को निशाना बनाया गया और उसमें 36 वर्षीय व्यक्ति, उसका 13 वर्षीय बेटा और 73 वर्षीय महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की साथी और 10 वर्षीय बेटा घायल हो गए। यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन के अनुसार, रूसी हमलों में नागरिक हताहतों की संख्या में हाल ही में वृद्धि हुई है, क्योंकि मॉस्को की सेनाएं युद्ध के मैदान में गति हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

### मई में कम से कम 274 नागरिक मारे गए

यूक्रेन में मई में कम से कम 274 नागरिक मारे गए और 1,763 घायल हुए। अप्रैल 2022 के बाद से यह नागरिक हताहतों की सबसे अधिक मासिक संख्या है। यह जानकारी इस महीने की शुरुआत में दी गई थी। इसमें कहा गया है कि अधिकांश हताहत मोर्चे से दूर स्थित शहरों में हुए हैं। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने बताया कि दक्षिणपूर्वी यूक्रेनी शहर जापोरिजिया में रूसी ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, 11 वर्षीय लड़के सहित तीन लोग घायल हो गए।



### 79 ड्रोनों को वायुसेना की रक्षा प्रणाली ने मार गिराया

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूस ने रात भर में कुल 88 लंबी दूरी के हमलावर ड्रोन और एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिनमें से 79 ड्रोनों को वायुसेना की रक्षा प्रणाली ने मार गिराया या उनकी गतिविधि को बाधित कर दिया। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन ने रूस और उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों की ओर कई और ड्रोन दागे, क्योंकि कीव ने तेल सुविधाओं, सैन्य परिवहन और बुनियादी ढांचे के खिलाफ अपना लंबी दूरी का अभियान जारी रखा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी सेनाओं ने रात के दौरान कई रूसी क्षेत्रों, अवैध रूप से कब्जा किए गए क्रीमिया प्रायद्वीप, आजोव सागर और काला सागर के ऊपर 301 यूक्रेनी ड्रोन को रोका।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूसी राजधानी को निशाना बनाने वाले 84 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले से कोई नुकसान हुआ या नहीं, लेकिन हमले के बाद मॉस्को के चारों हवाई अड्डों पर अस्थायी रूप से उड़ानें रोक दी गईं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमले के परिणामस्वरूप, रूस के मॉस्को के पूर्व में स्थित व्लादिमीर क्षेत्र और राजधानी के दक्षिण में स्थित तुला क्षेत्र में कुछ आवासीय भवनों को खाली कराया गया।

# मैग्नेटो मॉल में चेम्बर का भव्य योग लेजेंड्स समारोह सफलतापूर्वक संपन्न

## मंच पर 51 योग गुरुओं का हुआ सम्मान, एरोबैटिक योग के हैरत अंगेज प्रदर्शन और सिंगर धीरज के संगीतमय जादू से मंत्रमुग्ध हुए लोग



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर कल शाम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के मैग्नेटो मॉल, रायपुर में भव्य फ्योग लेजेंड्सफ्र समारोह का सफ्ल आयोजन श्रीमती मीनल चैबे, महापौर के मुख्य आतिथ्य में एवं श्रीमती अनामिका सिंह पार्षद एवं एमआईसी सदस्य, नगर पालिक निगम रायपुर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में चेम्बर के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों, योग साधकों और आम नागरिकों ने बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाया और योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

समारोह में समाज को निस्वार्थ भाव से स्वस्थ रखने और योग को जन–जन तक पहुँचाने वाले प्रदेश के 51 महान योग विशेषज्ञों व गुरुओं का भव्य सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ चेम्बर और छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में उपस्थित योग विभूतियों को शॉल, श्रीफ्ल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान पेशेवर योग साधकों द्वारा प्रस्तुत किए गए फ्एरोबैटिक योगफ्र ने दर्शकों को अत्यंत रोमांचित किया। हवा में अद्भुत संतुलन बनाते हुए साधकों ने कठिन आसनों का प्रदर्शन किया उसके साथ अत्यंत जटिल फ्पार्टनर योगफ्र शामिल थे। शरीर की कल्पनीय लचीलेपन और एकाग्रता के इस अद्वितीय समन्वय को देख पूरा मॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

समारोह को और अधिक ऊर्जावान और आनंदमयी बनाने के लिए प्रसिद्ध सेलिब्रिटी सिंगर धीरज जी ने अपनी मधुर आवाज और चुनिंदा भजनों व गीतों के जरिए उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सुरीली प्रस्तुतियों और संगीत के सुरों ने योग के इस उत्सव में एक आध्यात्मिक और खुशनुमा माहौल तैयार कर दिया, जिस पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। इसके साथ ही कार्यक्रम के अंत में एक आकर्षक लकी ड्रा भी निकाला गया, जिसमें विजेताओं को विशेष उपहार दिए गए।

इस अवसर पर चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि, योग हमारे ऋषियों–मुनियों द्वारा दी गई वह अमूल्य धरोहर है, जो हमारे शरीर को निरोग, बुद्धि को प्रखर और मन को शांत रखती है। यदि हमारा व्यापारी वर्ग और आम नागरिक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा, तभी हमारा व्यापार उन्नत होगा और तभी हमारा छत्तीसगढ़ राज्य और देश प्रगति के पथ पर समृद्ध बनेगा। चेम्बर इस भव्य आयोजन के माध्यम से सभी से योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील करता है।

चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, राधा किशन सुंदरानी एवं जसप्रीत सिंह सलूजा ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि रायपुर के मैग्नेटो मॉल में आयोजित फ्योग लेजेंड्सफ्र समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में चेम्बर का एक ऐतिहासिक कदम है। व्यापार और उद्योग जगत की व्यस्त दिनचर्या के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है।

छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती एवं सचिव डॉ. मेजर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि, योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं बल्कि आत्मा और मन के जुड़ाव का विज्ञान है। आज चेम्बर के साथ मिलकर योग लेजेंड्स के मंच से योग गुरुओं का सम्मान करना हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी में योग खेल के प्रति आकर्षण और बढ़ेगा।

मुख्य अतिथि महापौर मीनल चैबे ने कार्यक्रम में करें योग–रहें निरोग के नारे से उपस्थित समस्त प्रबुद्धजनों को योग को अपने जीवन में शामिल करने हेतु प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनामिका सिंह पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ने स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति चेम्बर के प्रयासों की सराहना करते हुए योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला एवं एक गायनेकोलाजिस्ट होने के रूप में महिलाओं के लिए योग की महत्ता बताई।

कार्यक्रम में माननीया ब्रह्माकुमारी दीदी ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, आत्मा और परमात्मा का एक पवित्र मिलन है। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में योग और ध्यान (मेडिटेशन) को अपनाने का आह्वान किया ताकि मानसिक तनाव से मुक्ति पाई जा सके और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो।

इस भव्य और गरिमामयी कार्यक्रम का सफ्ल एवं प्रभावी मंच संचालन चेम्बर के कार्यक्रम समन्वयक एवं सांस्कृतिक प्रभारी श्री अनिल जोतसिंघानी द्वारा अपनी अनूठी और रोचक शैली में किया गया।

कार्यक्रम को भव्य रूप से सफ्ल बनाने में चेम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी– राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा (कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रभारी–रायपुर संभाग) तथा कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी (कार्यालय प्रभारी) एवं सह–संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष प्रजापति ने अपनी पूरी टीम के साथ महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान दिया।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार–सरल मोदी, मोहनलाल तेजवानी, कार्यकारी अध्यक्ष–राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष–दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति, सुदेश मध्यान, जितेन्द्र बड़वानी, राजेश गुरनानी, मंत्री–प्रशांत गुप्ता, राजेन्द्र पारख, आलोक शर्मा, गुलाबचंद्र साहू, संदीप मेघानी, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोतसिंघानी, सदस्य– निखिल पंड्या, महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल, हेमल शाह, सहित अनेक चेम्बर पदाधिकारी, एसोसियेशन के प्रतिनिधि एवं व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।।

## राज्यपाल डेका से रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राज्यपाल रमेन डेका से सोमवार को रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर के सदस्यों ने लोक भवन में सौजन्य मुलाकात एवं चर्चा की। राज्यपाल ने उन्हें समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

चर्चा के दौरान राज्यपाल ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक संगठित और सेवा भावना से कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास और जनकल्याण के लिए सभी संस्थाओं और नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा।

बैठक में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रितेश जिंदल ने राज्यपाल श्री डेका का स्वागत किया। क्लब की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर के सचिव प्रकाश अग्रवाल, क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।


## बीजापुर में सीआरपीएफ की 170वीं बटालियन ने मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बीजापुर (प्रतिदिन राजधानी)

170 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर में 21 जून 2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।

170वीं वाहिनीं में दिनांक 21/06/2026 रविवार को प्रात: 0630 बजे श्री सरकार राजा रमन (कमाण्डेंट) के नेतृत्व में वाहिनीं मुख्यालय के प्रांगण में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों के द्वारा योग किया गया ।

इस अवसर पर कमाण्डेन्ट– 170 बटालियन द्वारा योग से होने वाले लाभ से सभी जवानों को अवगत कराया गया एवं




उनके परिवार/परिचितों को योग को अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही इस वाहिनीं की समवाय लोकेशन सुनील पोस्ट, पेगड़ापल्ली, फुटकेल, मुरदण्डा एवं सीतापुर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भी बढ–चढकर भाग लिया गया ।

## योग दिवस पर आशीर्वाद स्कूल में योग अभ्यास सत्र आयोजित

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आशीर्वाद हायर सेकेन्ड्री इंग्लिश स्कूल एवं कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में योग अभ्यास सेशन का आयोजन किया गया है।

प्रातः 8 बजे आशीर्वाद शाला प्रांगण में आयोजित इस समारोह में बच्चों ,शिक्षकों एवं कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी ।30 मिनट के इस सेशन में विभिन्न आसन प्राणायाम एवं ध्यान मुद्रा का अभ्यास किया गया ।योग दिवस के उपलक्ष्य पर कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के सम्मानीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने बच्चों एवं




उपस्थित शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

विकास तिवारी ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व को समझाया एवं इसे अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने का की सलाह दी। इस अवसर पर कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ गिरजा शंकर दीक्षित , प्रमोद मिश्रा (सह सचिव), आशीष बाजपेई, विजय शुक्ला, पंकज तिवारी, संगम तिवारी, प्रभात पांडे, जयशंकर तिवारी, एस के अवस्थी, आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन शाला की योग प्रभारी कुमारी दीपा वर्मा ने किया है ।कार्यक्रम के अंत में सभा शिक्षा मंडल के अध्यक्ष ी सुरेश मिश्रा के कर कमलों से कुमारी दीपा वर्मा को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की तत्परता से कार्रवाई

## बाल श्रम के लिए ले जा रहे 6 नाबालिग बच्चों को कराया मुक्त

- पिकअप वाहन चालक एवं बैंड पार्टी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने महासमुंद जिले के प्रवास के दौरान तुमगांव थाना क्षेत्र में बाल श्रम का मामला पकड़ा। सड़क पर एक पिकअप वाहन में बैंड पार्टी द्वारा 6 नाबालिग लड़कों को श्रम के लिए ले जाते देख उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया।

मौके पर अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आधे फोन घंटे उपस्थित रही । डॉ. शर्मा ने मौके से ही एसजेपीयू (स्पेशल जूविनाइल पुलिस ऑफ्सिर),











डीपीओ एवं डीसीपीओ की टीम को निर्देशित कर सभी 6 बच्चों को रेस्क्यू कराया। बच्चों को सुरक्षित तुमगांव थाना भिजवाया गया। साथ ही बाल श्रम में प्रयुक्त वाहन क्रमांक ष्टल06त्तरू4266 पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइल्डलाइन की टीम को लगातार निरीक्षण एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

आयोग निश्चित ही बाल अधिकार संरक्षण नियम 2005 के तहत धारा 13 एवं सहपठित धारा 14 के तहत विषय में संज्ञान लेगा।

उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जेसीआई रायपुर संस्कार और योग भारती संस्थान ने योग से निरोगी जीवन का लिया संकल्प









जतिन नचरानी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। इस विशेष दिन को समर्पित करते हुए जेसीआई रायपुर संस्कार (जोन–27) एवं योग भारती संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं योग साधकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुई, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों का संचालन किया गया। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य आकर्षण के रूप में जेसीआई रायपुर संस्कार की अध्यक्ष जेसी बरखा अंडानी एवं सचिव जेसी अंकित दास मानिकपुरी ने योग भारती संस्थान के संस्थापक एवं प्रख्यात योग गुरु श्री शंभू गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उनकी वर्षों की साधना और समाज को निरोग जीवन की प्रेरणा देने के प्रयासों की सभी ने सराहना की। अध्यक्षा जेसी बरखा अंडानी ने अपने संबोधन में योग को भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि यह शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने आह्वान किया कि योग को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाकर ही हम एक स्वस्थ एवं सकारात्मक समाज की नींव रख सकते हैं। वहीं, अध्याय समन्वयक जेएफ्एम नीलेश शाह एवं प्रभारी जेसी सागर जैन ने योग को 'जीवन जीने की कला' बताते हुए इसे संतुलन का आधार माना। कार्यक्रम के समापन पर सचिव जेसी अंकित दास मानिकपुरी ने नागरिकों से नियमित योगाभ्यास की अपील की। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन शांत, बुद्धि प्रखर और व्यक्तित्व संतुलित बनता है।

कार्यक्रमके सफ्ल आयोजन में आईपीपी जेसी आदित्य सिंह टिकरिया, समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं योग भारती संस्थान के प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' की भावना को आत्मसात करते हुए प्रतिदिन योग करने और इस संदेश को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## आरपीएफ और जिला प्रशासन की सतर्कता से सकुशल संपन्न हुई नीट पुन: परीक्षा





रायपुर / बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)

दिनांक 21 जून, 2026 को NEET (UG)–2026 पुन: परीक्षा एक पाली में 14:00 बजे से 17:15 बजे तक आयोजित की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं आसपास के क्षेत्रों में परीक्षा हेतु कुल 215 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 85,707 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कुल 127 परीक्षा केंद्रों पर 45,973 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें रायपुर (25 केंद्र, 9050 अभ्यर्थी), बिलासपुर (19 केंद्र, 7759 अभ्यर्थी), भिलाईनगर/दुर्ग (19 केंद्र, 6939 अभ्यर्थी), अंबिकापुर (13 केंद्र, 5212 अभ्यर्थी), रायगढ़ (8 केंद्र, 2682 अभ्यर्थी), राजनांदगांव (6 केंद्र, 1982 अभ्यर्थी), कोरबा (4 केंद्र, 1825 अभ्यर्थी), जगदलपुर (4 केंद्र, 1467 अभ्यर्थी), धमतरी (4 केंद्र, 1176 अभ्यर्थी), महासमुंद (5 केंद्र, 1242 अभ्यर्थी), जांजगीर (5 केंद्र, 1493 अभ्यर्थी), कांकेर (3 केंद्र, 1587 अभ्यर्थी), मनेन्द्रगढ़ (3 केंद्र, 811 अभ्यर्थी), दंतेवाड़ा (2 केंद्र, 680 अभ्यर्थी), कोंडागांव (2 केंद्र, 629 अभ्यर्थी), बालोद (2 केंद्र, 493 अभ्यर्थी), नारायणपुर (1 केंद्र, 318 अभ्यर्थी), सुकमा (1 केंद्र, 365 अभ्यर्थी) एवं बीजापुर (1 केंद्र, 263 अभ्यर्थी) शामिल हैं।

महाराष्ट्र क्षेत्र में नागपुर, गोंदिया, भंडारा एवं गढ़चिरौली में कुल 46 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 18,303 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444